S N: 139

ISSN: 2347-1611

# itivritta

## An Inter-Disciplinary International Journal of History & Culture

*Editor*

**C.M. Agrawal**

Volume-4 Part-1 Summer 2016

## Contents


1. *Contribution of Small Ruminants in the Economy of the Backward Region of Doda District of Jammu & Kashmir* 1
   *Dr.H.C. Joshi & Abdul Hafiz*
2. Reserving the Private Sector: Better Job Opportunities in the Globalized Era 16
   *Dr. Najibul Hasan Khan*
3. Working Mothers: Ideals and Reality 41
   Dr. C.M. *Agrawal*
4. Incredible India different Angles of Vision 48
   *Dr. Barkha Rautela*
5. Right to Health of Persons with Disabilities: A Human Rights Approach 54
   Dr. A. K. *Navin*
6. Buddhist Concept of Nature and the Environment 70
   *Dr. Sanjay Kumar Singh*
7. Kashmir as Depicted in Persian Chronicles 78
   *Dr. Harmeet Sethi*
8. The Royal Palace : Majestic Household and Karkhanahs under the Sultans of Delhi 88
   *Dr. Asha Kiran*
9. Representation of Gender in Ancient Indian Murals: The Bagh Cave Paintings 99
   *Rajesh Kumar Jha*
10. Role of Mughals and Safavids in the Overland Trade between India & Persia 125
    *Versha Tomar*
11. Sex Selection and Female Foeticide in India: A Socio-Legal Perspective 143
    *Kavita Pandey*
12. [illegible]कालीन विधि, शासन एवं सैन्य व्यवस्था 155
    *डॉ. संजय कुमार [illegible]*
13. प्राचीन भारत में [illegible] 166
    *डॉ. [illegible] सिंह*

S N :140

ISSN: 2347-1611

# itivritta

## An Inter-Disciplinary International Journal of History & Culture



*Editor*

**C.M. Agrawal**

Vol. 4 Part-2 Winter 2016

*A Primer*, S.C. Sarkar & Son Pvt. Ltd, 2000

5. The Editors of Encyclopaedia Britannica, Family court law Britannica.com https://www.britannica.com dt. 26-04-2018

6. History of family court, by Effie Belou, www.parentsinaction. et/english/ family court/history of family court. htm. Page - 1, dt. 02-08-2013.

Ibid

Ibid

Superior Court of Justice, Family Court History, downloaded from www.ontariocourts.ca/scj./3n/famct/history.htm. Dt. 2-8-2013.

0. Article of Family Courts in India: An Overview, downloaded from the website of http://www.legalserviceindia.com/ article/1356.

1. Marriage Laws & Family Courts Act, by E.L. Bhagiratha Rao s, 10th edn., 2013, Asian Law huse,hyderabad

2. Report on Working of Family Courts and Model Family Courts, held on 20.3.2002 by National Commission for women, New Delhi, ownloaded from the website of ncw.nic.in/... dt.8.2.2013

The preamble of family court Act.1984

Act 66 of 1984 amended by amending Act 59 of 1991, ( w.e.f28-12-1991)

Report on Working of Family Courts and Model Family Courts, held on 20.3.2002 by National Commission for women, New Delhi, downloaded from the website of ncw.nic.in/... dt.8.2.2013

Act enforced on 19.11.1985 (vide Not. No.79/17/85, dt.18.11.1985.

Under Notification No. S.O. 92 (E), dt.6.2.1995.

Judicial statistics,Department of Justice, Ministry of Law and Justice, down loaded from the website of doj.gov.in/?q=node/105, dt. 1.2.2013

https://data.gov.in/catalog/answers-data-rajya-sabha-questions-session-239 dt.19.06.2018

# Contents


1. The Cult of Mother Goddess - An Archaeological and Literary Investigation ............ 1
*Dr. Ashwani Asthana & V.D.S. Negi*
2. Lokamanya Tilak's Gospel of Swaraj – A Review ............ 30
*Dr. Debaraj Swain*
3. Access to Justice in India: An Appraisal ............ 43
*Dr. D.P. Yadav*
4. Implementation of Right to Information in India .. 57
*Dr. Mahendra Kumar*
5. Reproductive Right and Sex Selection: Constitutional Perspective ............ 67
*Kavita Pandey*
6. Traditional Technologies and their Relevence For the Economical and Sutainable ............ 85 Development of Uttarakhand
*Dr. Manju Bisht*
7. Vivekananda on Religious Thoughts ............ 90
*Dr. Arshad Hussain & Dr. Farha Deeba*
8. A Peep into the Women in Ancient India ............ 98
*Dr. Aparajita Kumar*
9. Globalization and Slums in India : A Study ......... 106
*Dr. V.P. Rakesh & Dr. Sushma Rampal*
10. The Changing Patterns of United Nations Peace Keeping ............ 120
*Dr. V.P. Rakesh*
11. British : Rule of Law and Civil Disobedience Movement in Dehradun ............ 127
*Dr. Sharad Bhatt*
12. The Message of World Peace in Indian Literature and Culture ............ 139
*Dr. Deepika Pandey & Jagdish Pandey*
13. असंगठित क्षेत्र व कार्यशील मातायें ............ 151
*डॉ. श्वेता चनियाल*
14. व्यक्तित्व विकास में संस्कृत का योगदान ............ 161
*डॉ. इन्दु शर्मा*

# Vivekananda on Religious Thoughts

Dr. Arshad Hussain* & Dr. Farha Deeba**

## Introduction

Among Swami Vivekananda's most significant contributions to global culture are his reflections on religious pluralism, which can be defined broadly as the idea that there is truth to be found in many religious traditions, and not only one.Vivekananda's concept of religion is based on the teachings of Upanishads and the teachings of his Master. But he interpreted these religious doctrines also on the basis of his own experiences. He himself admitted this fact in many of his lectures and writings. We may quote him in this context thus: "My teaching is my own interpretation of our ancient books, in the light which my Master shed upon them. I claim no supernatural authority. Whatever in my teaching may appeal to the highest intelligence and be accepted by thinking men to the adoption of that will be my reward."Swami Vivekananda, who studied the ins and outs of Indian culture and religion very well, realized the fact that religion was the inner heart of India. He firmly believed that the existence of India could only be saved by preserving its religion and spirituality. He declared thus: "In each nation, as in music, there is a main note, a central theme, upon which all others turn.

Each nation has a theme: Every thing else is secondary. India's theme is religion."Thus, Vivekananda rightly

*Asst. Prof., Faculty of Law, Kumaun University, S.S.J. Campus, Almora
*Guest Faculty, Kumaun University, S.S.J. Campus, Almora



realizes that religion occupies a pivotal position here in our land. He very well visualized that if Indians wanted to save India from great crisis, then they must try to know their own spirituality which was lying in their treasure house of religion. We must not imitate the ideals of others instead of following our own ideals. Religion, according to him, is our life blood. As long as the principle of life remains undisturbed, the life remains quite secure. Similarly, if the spirit of the nation is not destroyed there is no threat to its existence. He warned against this danger and asserted that if Indians were unable to preserve their spirituality which according to him, was India's soul, a great disaster would follow.Vivekananda realized that there were two obstacles in our path – the conservatism and the imitation of material civilization. These were the main causes of our religious and spiritual degradation. He felt that our young generations were busy in criticizing our own old views, and praising the modern civilization of western countries. He said that they should learn something good from others but they should not forget their own ideals. He could even tolerate conservatism to some extent but he was unable to tolerate a westernized person always busy in criticizing his own ideals and social customs.He said, "There are two great obstacles in our path in India, the Soylla of old orthodoxy, and the Charybdis of modern European civilization. Of these two, I vote for the old orthodoxy, and not for the Europeanized system."Religion is the central theme of Vivekananda's philosophy. He was convinced that social structure and religion are organically inter-woven. Caste hierarchy, sex inequality and untouchability exist because of the misinterpretation of religion.Religion is the dominating and guiding force of the life of the individual in India. His economic activity, his social life, his marriage, birth and death, his physical movements, all are strictly controlled by religion.

Vivekananda refuted the Western concept that man

lives by bread alone and is moved only by economic forces. In India, he pointed out that 'religion is the highest motive power."Vivekananda warned the Indian people and social reformers that if they made an attempt to throw off their religion and take up either politics or similar thing as their central theme, the result will be that India will become extinct.He also insisted that even reforms in India must come through religion. Like Hegel, Vivekananda believed that "each nation, like each individual, has one theme in this life, which is its centre, the principal note round which every other note comes to form the harmony. In India, religious life forms the centre the key-note of the whole music of national life.He further pointed out that religion in India had been a creative force for integration and stability and if and when the political authority had become loose and weak, it imparted even to that the power of rehabilitation. Hence, in Vivekananda's social philosophy religion plays the most dominant role.Vivekananda gave a new meaning to religion. He not only humanized it but also socialized its purposes. He pointed out that: "man is the greatest of all beings."Hence, the best way to realize God is to serve His followmen. He said, "I do not believe in a God or religion which cannot wipe the widow's tears or bring a piece of bread to the orphan's mouth. . . I do not call it religion so long as it is confined to books and dogmas." Thus Vivekananda interpreted the ancient Indian religious thought in consonance with contemporary thought.

He put emphasis on the service of man and said, "There is no difference between service of man and worship of God,between manliness and faith, between true righteousness and spirituality."Swamiji does not affirm that all religions are the same. Each religion is distinct. It has its own "soul." And while contradictions may indeed obtain among the doctrines and the practices that have been formed on the basis of its core ideals–not only among



religions, but even within the same religion, leading to division and sectarianism–Swamiji poses the question: Do the core insights of the various religions necessarily conflict? Or might these central ideals be logically compatible–in Swamiji's words "supplementary"? Might it be that each religion represents a core ideal, and that these ideals are not contradictory, despite each being distinct? Might they even be mutually affirming?For Vivekananda Religion must constantly take help from Reason. Because when religion refuses to take the help of reason, it weakens itself. Alluding to this in the course of his lecture on 'Reason and Religion', delivered in England in 1896,Vivekananda said: The foundations have been all undermined, and the modern man,whatever he may say in public, knows, in the privacy of his heart that he can no more'believe'. Believing certain things because an organized body of priests tells him to believe, believing because it is written in certain books, believing because his people like him to believe, the modern man knows to be impossible for him."There are, of course, a number of people who seem to acquiesce in the so called popular faith, but we also know for certain that they do not think. According to Vivekananda, "Their idea of belief may be better translated as "not-thinking carelessness."

And pleading for the application of reason in the field of religion Vivekananda continued that religion must justify itself by the discoveries of reason, and the same methods of investigation, which we apply to sciences and know-ledge outside, must be applied to the science of religion. Expressing his own opinion, Vivekananda said: "If a religion is destroyed by such investigations, it was then all the time useless,unworthy superstition; and the sooner it goes the better."He was thoroughly convinced that its destruction would be the best thing that could happen.

"All that is dross will be taken off, no doubt, but the essential parts of religion will emerge triumphant out of this investigation. Not only will it be made scientific, at

S N. 157, 158, 160

# अभिनव मीमांसा-16

अक्तूबर, 2016



संपादक-डॉ. विवेक पाण्डेय

# अभिनव मीमांसा

(शोध पत्रिका)

वर्ष 7, अंक-2 पूर्णांक-16 ISSN 2277-2863

अक्टूबर-2016

मानद संपादक : ओ.पी. पारीक (सी.ए.)



सम्पादकीय कार्यालय :

**डॉ. विवेक पाण्डेय**

1/99, विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

मोबाइल : 09919555048

ई-मेल : vivek86.pandey@gmail.com



**केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा से सहयोग प्राप्त**

| | | |
|---|---|---|
| सम्पादन एवं संचालन | : | अवैतनिक एवं अव्यवसायिक |
| एक प्रति का मूल्य | : | 100/- मात्र |
| आजीवन सदस्यता | : | 3000/- मात्र |
| संस्थागत सदस्यता | : | 5000/- मात्र |



**प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे अभिनव मीमांसा का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक विवेक पाण्डेय द्वारा डी.जी. प्रिन्टर, जवाहर नगर, दिल्ली से मुद्रित एवं 1/99, विजय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से प्रकाशित।

संपादक : विवेक पाण्डेय


## अनुक्रम


सम्पादकीय : — विवेक पाण्डेय — 5

**साहित्य खण्ड**

**मूल्यांकन :**

1- भारत के विकास के लिए गौ-क्रान्ति का आह्वान — डॉ. कमल किशोर गोयनका — 8

**विशेष प्रस्तुति : गीत एवं टिप्पणियां** — 11

1- सुखराज बन्धु के पांच गीतों पर डॉ. विद्या सिंह की टिप्पणी — 12

2- सुखराज बन्धु के गीत 'क्या खोना है क्या पाना है' पर अरविन्द अवस्थी की टिप्पणी — 18

**यात्रा वृत्तान्त :**

1- अल्कतराज़ जेल और केबिल कार म्यूज़ियम — दामोदरदत्त दीक्षित — 20

**कहानी :**

1- ज्योति रेखा — डॉ. विद्या सिंह — 28

2- पुरानी जगहों की यात्रा — स्वप्निल श्रीवास्तव — 34

**विमर्श : बाजार के चक्रव्यूह में साहित्य**

1- वैश्वीकरण, बाजारवाद और इंसान — ओम प्रकाश पारीक — 42

2- बाजारवाद यानी नव साम्राज्यवाद — गिरीश पंकज — 45

3- बाजार-मीडिया-स्त्री — डॉ. अनुराधा तिवारी — 51

4- बाजार के संजाल में साहित्य — सुनील कुमार — 56

**गज़ल :** — सिया सचदेव — 59

**गीत :**

1- सत्येन्द्र कुमार सिंह 'शलभ' — 62

2- रचना तिवारी — 64

**कविताएं :**

1- अरविंद अवस्थी की कविताएं — 66

2. मुकेश कुमार सिन्हा की तीन कविताएं — 68

3- अनिल पुरोहित की दो कविताएं — 73

4- गीता राय की कविताएं 76

**आलोचना :**

1- संजीव का कथा साहित्य : परम्परा और स्त्री — कलावती कुमारी 78
2- कलिवर्णन के बहाने तुलसी — आशीष कुमार यादव 85
3- प्रेमचन्द की साहित्यिक पत्रकारिता — डॉ. शिव प्रसाद शुक्ल 90

**पुस्तक समीक्षाएं :**

1- जाग, जीवन दीप जल! — कलावती कुमारी 94
2- ग्रामीण जीवन का दर्पण — सुनील कुमार यादव 99

**लघु कथाएं :**

1- सत्य शुचि 104
2- लता कादम्बरी 107

## कला एवं संगीत खण्ड

**कला :**

1- बूंदी शैली के चित्रों में रसाभिव्यंजना के संचरण में प्रतीक — डॉ. सीमा मेहरा 111

**संगीत :**

1- विभिन्न संस्कृतियों में (संगीत) लघु चित्रकलाओं की पहचान व उपादेयता — डॉ. सीमा बंसल 114
2- समाज, संस्कृति व संस्कारों में लोक संगीत — डॉ. अलका सिंह 117
3- भारतीय संगीत का आध्यात्मिक स्वरूप — डॉ. संतोष पाठक/ अनुभा गुप्ता 121
S N. 157 4- सांगीतिक ग्रन्थों एवं पुस्तकों की वर्तमान में प्रासंगिकता — डॉ. सबीहा नाज 123
S N. 158 राष्ट्रीय विकास में सांगीतिक वंशानुक्रम एवं वातावरण — डॉ. सबीहा नाज/ रमा खर्कवाल 126

## परिशिष्ट

S N. 160 दूरस्थ शिक्षा - एक चुनौती — डॉ. वन्दना जोशी 13
2- महिला सशक्तिकरण - एक अध्ययन (कुटीर उद्योगों के संदर्भ में) — डॉ. नीतू गुप्ता 13
3- राजस्थान का लोक टेराकोटा - मोलेला — डॉ. अभिलाषा चौधरी 1

S N. 157

# सांगीतिक ग्रन्थों एवं पुस्तकों की वर्तमान में प्रासंगिकता

डॉ. सबीहा नाज़

साहित्य, कला एवं संस्कृति की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती को वीणापुस्तकधारिणी कहा गया है। साहित्य, कला एवं संस्कृति का ज्ञान हमें शास्त्रों से प्राप्त होता है। शास्त्र अपरिमित ज्ञान का भण्डार है। जिनके द्वारा आत्मरक्षा एवं आत्मप्रसार संभव है। लेखक अपने विचारों, सिद्धान्तों, जीवनानुभवों को समाज के समक्ष प्रचार एवं प्रसारित कर लोकप्रिय हो जाता है। अति प्राचीन काल में जब कागज़ का आविष्कार नहीं हुआ था। तब मनुष्य के द्वारा भोजपत्रों एवं ताड़पत्रों का प्रयोग लिखने के लिए किया गया होगा। शनैः शनैः विकास के फलस्वरूप हस्तलिखित पुस्तकें, पांडुलिपियाँ तैयार करने लगा। समय की गति के साथ पुस्तकों एवं ग्रन्थों के प्रचार-प्रसार में वृद्धि होने लगी।

समस्त भारतीय विधाओं, कलाओं एवं शास्त्रों के मूल में वेद निहित है। मौलिक अथाह ज्ञानराशि वेदों में समाहित है। वर्तमान में भी वैदिक साहित्य, वैदिक तथ्यों की पुष्टि करते हैं। भारतीय वाङ्मय के सम्पूर्ण यथार्थ ज्ञान के लिए वैदिक वाङ्मय का ज्ञान ज़रूरी है। भारतीय संगीत का आधार भी हमारे वेद है। वेदों में सामवेद को संगीत का आधार ग्रन्थ माना गया है। अनादि काल से संगीत कला नाद सौन्दर्य के कारण शोभायमान है। संगीत एक प्रायोगिक विधा है जो कि प्राचीन काल से गुरूकुल परम्परा से प्रारम्भ होकर, गुरू-शिष्य-परम्परा एवं घरानों के माध्यम से विकसित एवं संवर्धित हुई। इस मौखिक ज्ञान को विलुप्ति से बचाने के लिए, ज्ञान को सुरक्षित एवं संजोने के लिए ऋषिमुनियों, महर्षियों, विद्वानों एवं गुणीजनों ने अपने ज्ञान को इन ग्रन्थों में समावेषित किया जो कि आधुनिक समय में अपनी प्रगाढ़ता सिद्ध करते हैं। सांगीतिक ग्रन्थों में यदि नाट्यशास्त्र की बात करें तो आज भी यह ग्रन्थ संगीत के आधार ग्रन्थ के रूप में विद्यमान है। जिसमें संगीतोपयोगी विभिन्न पक्षों पर विचार किया गया है। सांगीतिक ग्रन्थ एवं पुस्तकें प्राचीन एवं आधुनिक संगीत को जोड़ने का माध्यम हैं। यदि सांगीतिक ग्रन्थ एवं पुस्तकें न होती तो संगीत साहित्य खोखला सा रह जाता। इनमें कोई ऐसा पक्ष नहीं है जो अछूता रहा हो। प्राचीन शास्त्रों के द्वारा महत्वपूर्ण तथ्य जनता के मध्य दृष्टिगोचर होते हैं। सांगीतिक ग्रन्थ एवं पुस्तकें किसी भी विषय पर क्रमानुसार प्रकाश डालते हैं जो कि पाठक, साधक, वक्ता के वौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध तो होती ही हैं वरन् साधक की कला निखर कर समाज के सम्मुख प्रस्तुत होती है। "जब हम कोई पुस्तक पढ़ रहे होते हैं तो पढ़ते समय हम सुधवुध भूल कर तन्मय होकर पुस्तक में डूब जाते हैं इसी को 'ब्रह्मानन्दसहोदर' की संज्ञा दी गयी है।"[1] ग्रन्थों एवं शास्त्रों के अध्ययन से बुद्धि विचारशील होती है। मनुष्य का ज्ञान इन्हीं के द्वारा प्रमाणित होता है। प्रस्तुत ग्रन्थों के माध्यम से नियमों के अनुकूल कला का विस्तार होता है।

ग्रहांशौ तार मन्द्रौ च न्यासोऽपन्यास एवं च।
अल्पत्वं च बहुत्वं च षाऽवौडिविते तथा।।[2] (ना० शा०)

प्राचीन काल का जाति गायन वर्तमान में राग गायन के रूप में परिवर्तित है परन्तु शास्त्रों एवं ग्रन्थों में लिखित जाति-गायन के नियम आज भी अपनी उपादेयता सिद्ध किये हुए हैं। भरतमुनि द्वारा श्रुति स्वर सिद्धान्त की मान्यता आज लगभग 1500 वर्षों के बाद भी स्वरों की उतनी ही श्रुतियाँ मानी जाती है। शारंगदेव द्वारा रचित 'संगीत रत्नाकर' को ग्रन्थों के मुकुट की संज्ञा दी गयी है क्योंकि इसमें संगीत से संबंधित मूल विषय जैसे स्वराध्याय, रागाध्याय, तालाध्याय, प्रबन्धाध्याय, प्रकीर्णाध्याय, वाद्याध्याय, नर्तनाध्यायों का उल्लेख किया गया है जो कि संगीत के अहम नुक्ते हैं। सांगीतिक ग्रन्थों में वर्णित तथ्यों एवं पारिभाषिक शब्दों को प्रमाणित किया गया है। उदाहरणतः नाद, श्रुति, ग्राम, मूर्च्छना, ताल, जाति, स्वर, वाद्य, नृत्य, राग, आलाप्ति इत्यादि। सर्वप्रथम हमें ग्रन्थों में उल्लखित सिद्धान्तों को समझना होता है इसके उपरान्त हम अपनी बुद्धि के अनुसार ज्ञान को परिष्कृत करते हैं। मतंग ने वृहद्देशी में देशी गान का वर्णन किया है निबद्ध ज्ञान अर्थात आलापादि नियमों से नियन्त्रित गान, अनिबद्ध गान अर्थात जो गान नियमों से नियंत्रित न हो (स्वच्छन्द)।

निबद्ध-चानिबद्धश्च मार्गोऽयं द्विविधों मतः।
आलापादिनिबन्धो यः स च मार्गो प्रकीर्तितः ।।"3 (वृहद्देशी)

अर्थात विद्वतजनों द्वारा वतलाये गये तथ्य वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। यह दोनों प्रकार के संगीत आज भी शास्त्रीय (क्लासिकल) एवं विशुद्ध सरल अर्थात 'लाइट म्यूजिक के नाम से जाने जाते हैं।

कहने का तात्पर्य यह है कि मनुष्य के मन में उपस्थित समस्त जिज्ञासाओं का समाधान सांगीतिक ग्रन्थों एवं पुस्तकों के अध्ययन के फलस्वरूप सम्भव होता है। संगीत में मूलतः जिन क्रियाओं को हम करते हैं उनकी विधि, निर्देश, नियम, सिद्वान्त इत्यादि ग्रन्थों में उल्लखित होते हैं। शास्त्र ग्रन्थों के अध्ययन के लिए भाषा ज्ञान एवं मुख्यतः संस्कृत भाषा ज्ञान जरूरी है। व्याकरण, दर्शन, साहित्य का ज्ञान भी अपेक्षित है।

वैदिक काल से शास्त्र ज्ञान की परम्परा चली आ रही है। वर्तमान में सांगीतिक शास्त्र ग्रन्थ अध्ययन पुनः प्रतिष्ठित हो रहा है। आज शोधपरक तथ्यों पर पुनः शोध हो रहे हैं। लुप्तप्राय तथ्यों ने समाज को नई दिशा प्रदान की है। उदाहरणार्थ वैदिक समय से यज्ञ के मंत्रों को लयबद्ध अवस्था में उच्चारित करने पर मानव शरीर पर अनेक प्रभाव देखे गये हैं। आज संगीत के स्वर रोग निवारण हेतु उपयोगी सिद्ध हो रहे है। संगीत कला और विज्ञान ने मिलकर म्यूज़िक थैरेपी का आगाज़ किया है।

संगीत गुरू सानिध्य से ही सम्भव है, उसी प्रकार सांगीतिक ग्रन्थों एवं पुस्तकों का अध्ययन भी गुरू सानिध्य से ही सम्भव है। क्योंकि कालान्तर के तथ्य फलीभूत होकर गुरू



सानिध्य द्वारा शास्त्रों, ग्रन्थों, पुस्तकों को समन्वित करते हुए नवीनतम तथ्यों को प्रस्तुत करते हैं। इसके विपरीत वर्तमान में ई-पुस्तकें मनुष्य के लिए काफी हद तक लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। हालांकि ई-पुस्तकों के द्वारा हर प्रकार की जानकारी घर बैठे ही हमें प्राप्त हो रही है परन्तु जो आनन्द पाठकों को शास्त्रों के अध्ययन के द्वारा प्राप्त होता है वह अद्वितीय होता है। पुस्तकें स्पर्श मूल्य होती हैं।

कुरान, बाइबिल, गुरू-ग्रन्थसाहब, वेद, भगवद्गीता, पुराण, त्रिपिटक, अगामास, ज़ेंद अवेस्ता, रामचरितमानस, रामायण, महाभारत इत्यादि ग्रन्थ भविष्य के धरोहर हैं। नयी पीढ़ी, पीढ़ी दर पीढ़ी उनके तथ्यों को आत्मसात करती है। उसी प्रकार संगीत के क्षेत्र में कई ग्रन्थ ऐसे हैं जो कि कालान्तर में संगीत पक्ष का ज्ञान कराते हैं। जैसे- पुराणों में संगीत, महाभारत में संगीत, रामायण में संगीत इत्यादि ग्रन्थों की वर्तमान में भी उपादेयता है। नाट्यशास्त्र में वर्णित महत्वपूर्ण तथ्य, नारदीय शिक्षा के ग्रामराग, संगीत मकरन्द के स्त्री पुरूष एवं नपुंसक राग वर्गीकरण, मानकुतुहल के ध्रुवपद एवं संगीतकारों का वर्णन, स्वरमेलकलानिधि के विभिन्न प्रकरण इत्यादि सांगीतिक महत्वपूर्ण तथ्यों को भारतीय संगीत में आज भी प्रमाणित करते हैं।

संगीत की पुस्तकें आज भी प्रासंगिक हैं। भातखण्डे जी द्वारा रचित छः भागों में प्रकाशित क्रमिक पुस्तक मालिका ने भारतीय संगीत को आधार प्रदान किया है जिसमें अपार भण्डार संकलित है। विद्यार्थियों को इनसे अत्यन्त ज्ञान लाभ हुआ है। संगीत के घरानों द्वारा शिक्षण भी एवं गुरू शिष्य परम्परा सर्वोपरि है परन्तु आज विद्यार्थी एक लिखित स्वरलिपि के बिना संगीत शिक्षा ग्रहण करने में अपने को सहज अनुभव नहीं करता। इन पुस्तकों के माध्यम से संगीत को स्थायित्व प्रदान कर उसे प्राथमिक विद्यार्थियों के लिए सहज बना दिया है। संगीत विषयक ग्रन्थ, शास्त्र, पुस्तकें अपरिमित ज्ञान का सागर हैं जो पाठक की जिज्ञासा को तृप्त करती हैं। ज्ञानवर्धित यह पुस्तकें हमें अनुशासन में रहना सिखाती है। नीति के मार्ग पर चलकर सदकार्य को करने की प्रेरणा देती है। पुस्तकें हमारा मनोरंजन भी करती हैं जिससे आनन्द की प्राप्ति होती है। जो मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। व्यक्ति एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हैं। बौद्धिक विकास के साथ समाज में फैले भ्रष्टाचार-कुप्रथाएँ, कुरीतियाँ, अंधविश्वास को मिटाने में सहायक होती हैं। वर्तमान डिजिटल दुनिया में भी पुस्तकों एवं ग्रन्थों के ज्ञान के बिना समाज अपूर्ण है। अतः सांगीतिक मौलिक ग्रन्थ एवं पुस्तकें मनुष्य को संग्रहीत ज्ञानामृत का पान कराती हैं और कराती रहेंगी।

**संदर्भ सूची :**

1. क्लासिक निबन्ध वैभव, डॉ. शान्तिस्वरूप गुप्त, पृ.सं. 148
2. डॉ. शरत चन्द्र श्रीधर परांजपे, भारतीय संगीत का इतिहास, पृ.सं. 7
3. संगीतांजलि भाग- छः, पं. ओंकार नाथ ठाकुर, पृ.सं. 4

S N. 158



# राष्ट्रीय विकास में सांगीतिक वंशानुक्रम एवं वातावरण

डॉ. सबीहा नाज़
रमा खर्कवाल

भारतीय संगीत का उद्देश्य है आनन्दस्वरूप परमसत्ता की प्राप्ति। जहाँ संगीत है वहाँ ईश्वर का वास है। गीता में स्वयं श्रीकृष्ण ने कहा है -**"वेदानां सामवेदोऽस्मि"** अर्थात् वेदों में संगीत रूपी सामवेद मेरा ही स्वरूप है। वेदों का अनुसरण कर ही मानव सुसंस्कृत होता है तथा संस्कृति, सभ्यता एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने में संगीत का स्थान महत्त्वपूर्ण है। संगीत कला का विशुद्धतम रूप है जो कि सौन्दर्य को बड़े शुद्ध रूप में प्रकट करता है। आज भारतीय संगीत के अनेक कलाकार हैं जो भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व में भारतीय संगीत के पुष्पों को पल्लवित कर रहे हैं। पं. रविशंकर जी, अली अकबर खाँ, उस्ताद विलायत खाँ, ज़ाकिर हुसैन, पं. विश्व मोहन भट्ट जी जैसे विश्व में ख्याति प्राप्त अनेक दिग्गज भारतीय संगीतकार हैं जिनकी राष्ट्रीय विकास में अहम भूमिका है।

वंश से अभिप्राय उस प्रक्रिया से होता है जिसमें वर्तमान पीढ़ी रंग, रूप, गुण इत्यादि पूर्व की पीढ़ी के द्वारा ग्रहण करती है। प्रायः यह देखा जाता है कि भाई-बहन आपस में मिलते-जुलते दिखाई देते हैं जो अपने माता-पिता के समरूप दिखाई देते हैं। इन गुणों के अतिरिक्त गुण, रुचि, अरुचि, बौद्धिक योग्यता, आवाज, चलना फिरना इत्यादि भी आनुवांशिक होते हैं। इसी प्रकार मनुष्य में सांगीतिक विकास के लिए वंशानुक्रम एवं वातावरण दोनों प्रभावी कारक हैं। माता-पिता से प्राप्त शारीरिक एवं मानसिक गुणों द्वारा संगीत शिक्षा का अर्जन देखने को मिलता है। अधिकतर संगीतकारों के बच्चों में भी सांगीतिक लक्षण दिखाई देते हैं। सामान्य परिस्थितियों में वातावरण एवं वंशानुक्रम दोनों ही संतति के बौद्धिक विकास के लिए प्रभावी हैं। इन्हें हम मनुष्य को प्रभावित करने वाली शक्तियाँ भी कह सकते हैं।

व्यक्ति निश्चित रूप रंग इत्यादि परम्परा से लेकर जन्म लेता है परन्तु उन गुणों को विशेष रूप से परिमार्जित कर विशेष एवं उपयुक्त साँचे में ढ़ालने का कार्य वातावरण का ही होता है। मैकाइवर ने उचित ही लिखा है- "जीवन की हर घटना वंशानुक्रम एवं वातावरण दोनों का फल होती है।"[1]

गायन, वादन एवं नृत्य के क्षेत्र भी वंशानुक्रम से प्रभावित हैं। संगीतकार की संतति में सांगीतिक लक्षण रक्त संबन्धित आनुवांशिक रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी कंठानुकंठ हस्तांतरित होते हैं। जितने भी उच्च कोटि के कलाकार हमारे देश में हैं उनके विषय में जानने के पश्चात हमें ज्ञात होता है कि संगीत उनके वंश में पहले से ही मौजूद था। इससे यह स्पष्ट होता है कि आनुवांशिक गुण मनुष्य को प्रभावी जीन्स के माध्यम से प्राप्त होते हैं।



डॉ. हरगोविन्द खुराना के द्वारा जीन्स का विश्लेषण करके इस विषय पर बहुत शोध कार्य किया गया। उनके अनुसार- "सात पीढ़ियों का जीन्स पर प्रभाव पड़ता है। जीन्स में एक अन्त होता है।"[2] यदि पिता बड़ा गायक है तो बच्चे में भी उस आवाज का अंश होता है। बच्चे में भी संगीत को जल्द आत्मसात् करने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है परन्तु संगीत शिक्षा में वंशानुक्रम के होते हुए उचित वातावरण के अभाव में संगीतकार बनना असम्भव है। सांगीतिक परिवेश में सुरीला संगीत, ताल में गाना, राग पहचानना, वादन शैली नृत्य इत्यादि स्वतः ही सीख लेता है। घर में गायन, प्रयुक्त वाद्ययंत्रों का वादन अथवा नृत्य स्वयमेव बालक को सीखने के लिए प्रेरित करता है।

संगीत, साहित्य, कला जैसे क्षेत्रों में प्रबुद्ध एवं परिष्कृत व्यक्ति की सोच और उस सोच का क्रियान्वयन सम्बन्धित क्षेत्र के व्यक्तियों को उद्दीपित करता है। इसी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप वह विषय उत्तरोत्तर उन्नति को प्राप्त करता है। इसी तथ्य के अनुसार जब एक गायक के मन में नवीन उद्भावना जन्म लेती है तो उसके प्रयोग से अन्य गायकों के भीतर नवीन कल्पनाएँ जागृत होती हैं। संगीत एक अनुकरणीय विद्या होने से संगीत शिक्षण हेतु वातावरण एक प्रभावी लक्षण माना जाता है। और सांगीतिक उद्दीपन उचित वातावरण मिलने से ही सम्भव होता है।

भारतीय दर्शन में यह मान्यता है कि आनुवांशिकता, वातावरण एवं माता-पिता के विचारों का प्रभाव भी गर्भस्थ शिशु पर पूर्णरूपेण पड़ता है। आधुनिक विज्ञान में भी यह मान्यता है। इसके कई उदाहरण भी हमें प्राचीन कथाओं में मिलता हैं। जिस प्रकार अभिमन्यु को चक्रव्यूह की संरचना का ज्ञान मिला था, उसी प्रकार कोई भी विद्या हो या कला, शिशु को उपरोक्त कारक अवश्य प्रभावित करते हैं। सितार वादक पं. रविशंकर जी में सांगीतिक गुण तो थे ही साथ ही अल्लाउद्दीन खाँ के सानिध्य में उन्हें संगीत का उचित वातावरण भी मिला।

"उस्ताद शाहमीर खाँ के घर के सांगीतिक वातावरण का प्रभाव अमीर खाँ साहब पर पहले दिन से ही था जिसके परिणाम स्वरूप संगीत उनके संस्कारों में रचा-बसा था। बाल्यावस्था से ही शाहमीर खाँ ने अपने पुत्र को संगीत की विधिवत् शिक्षा देनी प्रारम्भ कर दी। उस्ताद शाहमीर खाँ ने स्वयं अपने पिता छंगे खाँ साहब जो कि अन्तिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र के दरबारी गायक थे, उनसे संगीत की शिक्षा प्राप्त की।"[3]

सांगीतिक वातावरण एवं वंशानुक्रम की राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका है। जिस प्रकार किसान के द्वारा बीज बोया जाता है तो बोने के लिए उचित समय, उचित प्रक्रिया का ध्यान रखना आवश्यक है तथा पानी, खाद इत्यादि समय-समय पर देना आवश्यक होता है। निरन्तर देख-रेख के उपरान्त ही वह फलता-फूलता है। तत्पश्चात एक वृक्ष के रूप में नज़र आता है और फल प्रदान करने योग्य बनता है। तब कहीं जाकर वह किसान की आजीविका का साधन बनता है जिससे कि राष्ट्र की प्रतिव्यक्ति आय में बढ़ोतरी होकर राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होता है। ठीक उसी प्रकार संगीत के क्षेत्र में भी यही प्रक्रिया लागू होती है। परन्तु प्रत्येक

व्यक्ति बड़ा कलाकार नहीं बन सकता फिर भी अपने अथक प्रयास से वह अपनी कला को निखार कर अपनी आजीविका कमा सकता है जो कि राष्ट्रीय विकास में सहायक है। यदि लोकसंगीत के क्षेत्र में बात की जाए तो कई जनजाति-वर्ग एवं समुदाय हैं जो अपनी लोक कला के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं तथा संगीत कला को पीढ़ी में अपने बच्चों को प्रदान कर लोक संस्कृति के संवर्धन में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इन लोक कलाकारों की आय सकल राष्ट्र की आय को भी प्रभावित करती है। इस प्रकार संगीत समाज का हर अंग राष्ट्रीय विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।

संगीत जन जागरण एवं चेतना का सशक्त माध्यम है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के अनुसार - "राष्ट्रीय विकास में संगीत एक ऐसा माध्यम बन सकता है जो न केवल पीड़ा को दूर करता है अपितु सामाजिक दायित्वों को भी निभाता है। मैं पूर्णतः सहमत हूँ कि कला, संगीत, नृत्य तथा अभिनय समाज के विभिन्न वर्गों में एकत्व की भावना स्थापित करते हैं।"[4] राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए सांगीतिक उपयोगी तथ्य निम्नवत हैं-

• वंश की शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय विकास में सहायक होती है। उचित सांगीतिक वंशानुक्रम एवं वातावरण हेतु अनुशासन तथा नियमों का पालन पूर्ण श्रद्धा से होना चाहिए। धैर्य के साथ मन की एकाग्रता एवं संगीत के प्रति अटूट लगन होनी आवश्यक है। समान में कलाकार के हर पक्ष की मजबूत एवं ठोस नींव होनी चाहिए। "करत-करत अभ्यास ते जड़मति होय सुजान" यह अभ्यास साधना का मूल मंत्र है। अतः गुरुओं के द्वारा वंश-परम्परा को गाने में मुर्कियाँ, लोच, हरकत, विशेष अलंकार, चैनदारी, ठहराव, रूहदारी इत्यादि हेतु विशेष अभ्यास आवश्यक है।

• संगीतमय वातावरण एवं संगीतानुकूल मिलने वाली सुविधाओं का होना भी जरूरी है।

• परिवार द्वारा प्रोत्साहन तथा गुरू की महत्ता के द्वारा सफल कलाकार बनने में सफलता सम्भव है।

हमारे देश में पाँच भारत रत्न प्राप्तकर्ता एम.एस. सुब्बलक्ष्मी, लता मंगेशकर, बिस्मिल्लाह खाँ, पं. रविशंकर तथा भीमसेन जोशी संगीत के क्षेत्र से हैं जिन्होंने हमारे देश का गौरव बढ़ाया तथा अपने अनेकानेक शिष्यों के माध्यम से सांगीतिक वातावरण को सुदृढ़ बनाया तथा संगीत के विकास में योगदान दिया। राष्ट्र के विकास के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न शैलियों जैसे ध्रुपद-धमार, ख्याल, टप्पा, ठुमरी आदि के विद्यार्थी चुने जाएँ। विभिन्न वाद्यों वीणा, सरोद, सितार, सारंगी के वादन हेतु चयन किया जाए। मानव जीवन के सभी क्षेत्रों जैसे संस्कृति, समाज, शिक्षा, नीति, अध्यात्म, राष्ट्रप्रेम आदि में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहें। संस्कृति सप्ताह एवं राष्ट्रीय-गीत प्रतियोगिताएँ सम्पन्न करायी जाएं। उपयुक्त अध्ययन से स्पष्ट होता है कि संगीत के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए वंश परम्परागत सांगीतिक योग्यता एवं संगीतानुकूल वातावरण दोनों का होना नितान्त आवश्यक है। जन्मजात सांगीतिक गुण एवं प्रतिभा

वंशानुक्रम द्वारा प्राप्त होते हैं जो कि अनुकूल वातावरण मिलने पर विकसित होते हैं तथा राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं जिसके फलस्वरूप स्वस्थ, समर्थ, सुसंस्कृत भारत का निर्माण सम्भव हो सकेगा।

**सन्दर्भ-सूची :**


1. कुलकर्णी, डॉ. वसुधा, "भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान", राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, प्रथम संस्करण-2004, पृ. सं. 192
2. गोस्वामी हरिकिशन, "भारतीय संगीत की परम्परा : वंशानुक्रम एवं वातावरण" पृ. सं. 37
3. सिंह, तेजपाल अरोड़ा, प्रेरणा, "संगीत के दैदीप्यमान सूर्य उस्ताद अमीर ख़ाँ, कनिष्क पब्लिशर्स, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2005, पृ. सं. 2
4. "द हिन्दू", 12 अप्रैल 2011

S N. 161

ISSN: 2347-1611

# itivritta

## An Inter-Disciplinary International Journal of History & Culture



Editor

C.M. Agrawal

Vol. 4 Part–2 Winter 2016

itivritta
An Inter-Disciplinary International Journal of History & Culture

Volume 4 Part 2 Winter 2016

**EDITOR**
**C.M. Agrawal,** Ph.D., D.Litt.
Professor, Department of History, Kumaun University Campus, Almora-263601 (U.K.) India

**ADVISORY COUNCIL**
**H.S. Dhami,** Vice-Chancellor, Kumaun University, Nainital
**Chinmay Pandya,** Pro Vice-Chancellor, Dev Sanskriti Vishwavidyalaya, Haridwar
**G S. Saun,** Member Secretary, Indian Council of Soience Research, New Delhi
**Piyusha Kant Dixit,** Vice-Chancellor, Uttarakhand Sanskrit University, Haridwar
**P.P. Dhyani,** Director, G.B. Pant Institute of Himalayan Env. & Development Kosi
**Y.A. Khan,** Professor, Department of History, Aligarh Muslim University, Aligarh
**K.D. Sharma,** Director, College of Professional Education, Meerut
**Atul Kumar Sinha,** Professor, Department of Ancient History & Culture, M.J.P. Rohilkhand University, Bereilly
**Neeraj Ruwali,** Department of History. MB.P.G, College, Haldwani (Nainital)
**B.K. Sharma,** Professor, Department of History, Behrampur University, Behrampur
**Mahadev Swami,** Head, Dept, of Hist., J.S.S. College of Arts & Com., Gundipet, Mysore

**EDITORIAL BOARD**
**Tamar Datuashivilli,** Java Khishvili Tbilsi State University, Georgia
**Olga Kapelko,** Russian Academy of National Economy & Public Administration, Russia, Moscow
**J.S. Bisht,** Professor, Faculty of Law, Kumaun University, S.S.J. Campus, Almora
**Mukul Pant,** Lect. in English, Rani Dhara, Almora
**Neeraj Kumar,**Professor of English, Magadh University, Bodh Gaya
**S.K.Singh,** Associate Professor Reader in History, M.M.H. P.G. College, Ghaziabad
**K.K.Sharma,** Reader in History, M.M. P.G. College, Modinagar
**S.K.Tamta,** Professor, Dept, of History, Kumaun University Campus, Almora
**M.S. Gusain,** Assistant Professor, Dept, of History, Guru Ram Rai College, Dehradun

# itivritta

(An Inter-Disciplinary International Journal of History & Culture)

S N. 162

**Vol. IV**
**Part-2**

***Editor***
**C.M. Agrawal,** Ph.D., D.Litt.
Professor, Department of History
Kumaun University Campus
Almora - 263601 (U.K.) India

**2016**

15. बम राजाओं के वंशजों का गाँव : 'देवत' ....................187
*डॉ. भगवती प्रसाद पाठक*
16. हाथरस–जनपद का लोक संगीत : रसिया ....................177
*डॉ. रवीन्द्र सिंह एवं शालिनी*
17. कामकाजी माँ : आदर्श एवं यथार्थ ....................187
*डॉ. सी.एम. अग्रवाल*
18. सम्राट अशोक एवं पं. श्रीराम शर्मा 'आचार्य' की विचार–धारा तथा उद्देश्यों में समानता ....................193
*मुहम्मद आमिर एवं डॉ. रविन्द्र सिंह*
19. प्राचीन भारत में न्यायिक संस्था के रूप में 'सभा' ....................203
*डॉ. ए.वी. कौर*
20. संस्कृत भाषा : भारतीय संस्कृति का मूलाधार ....................208
*दीपिका पाण्डेय*
21. रं संस्कृति एवं माँ ....................213
*डॉ. राकेश सिंह फकलियाल एवं शोभा रावत*
22. पश्चिमी हिमालय के गढ़वाल–कुमाऊँ प्रदेश में नगरीकरण का ऐतिहासिक परिदृश्य (1901–2011) ....................218
*डॉ. पंकज कुमार चौहान*
23. बौद्धयुगीन नारी ....................232
*संजय कुमार सिंह*
24. मातृ शक्ति एवं शास्त्रीय संगीत ....................238
*डा. वन्दना जोशी*
25. उत्तराखण्ड की संस्कृति में माँ नन्दा ....................245
*डॉ. सबीहा नाज़*
26. बैजनाथ मंदिर समूह : एक वास्तुशिल्पीय अध्ययन ....................255
*डॉ. गिरीश चन्द्र पन्त एवं शालिनी पाठक*
27. सहिष्णुता और भारतीय संस्कृति ....................269
*डा. सन्तोष कुमार*
28. आर्थिक विकास में महिला ....................278
*डा. उषा प्रसाद*
29. तेवाड़ी ब्राह्मणी : एक ऐतिहासिक अध्ययन ....................284
*डॉ. नीरज रुवाली एवं नरसिंह*

# उत्तराखण्ड की संस्कृति में माँ नन्दा : अटूट आस्था एवं विश्वास की प्रतीक

डॉ सबीहा नाज़*

कुमाऊँनी संस्कृति में माँ नन्दा की मातृशक्ति मानव जीवन के लिए अविस्मरणीय है। देवभूमि उत्तराखण्ड की धरती पर देवी–देवताओं को पूजने एवं मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। माँ नन्दा देव भूमि की आराध्य देवी हैं। उत्तराखण्ड में मनाया जाने वाला पारम्परिक माँ–नन्दादेवी पूजन महोत्सव का अपना विशेष धार्मिक महत्व है जो लोगों की आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक स्वरूप है। भाद्र शुक्ल पक्ष की अष्टमी को परम्परागत एवं धार्मिक परिवेश में नंदाष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है जो महान पौराणिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को इंगित करता है। उत्तराखण्ड की लोक परम्पराओं में इन्हें कहीं बेटी (ध्यान), बहू और कहीं माँ के रूप में पूजा जाता है। माँ नन्दा प्रत्येक मानवीय ह्रदय में व्याप्त हैं। प्रत्येक घर में प्रातः काल एवं सायंकाल में माँ की शक्ति के स्वरूप की अर्चना गायन, वादन एवं नृत्य के माध्यम से की जाती है। पुराणों के अनुसार नन्दा का विवाह महादेव जी से हुआ था। मान्यता है कि महादेव शिव हिमालय में ही वास करते हैं। हिमालय के कई पर्वत शिखर नन्दा देवी के नाम से जुड़े हैं, यथा नन्दा देवी, नंदा घुंघटी, नन्दाखाट, नन्दक, अलकनन्दा, नन्द केशरी, नन्द प्रयाग, नन्दाकिनी जैसी नदियों के नाम भी नन्दा देवी से जुड़े हैं। "पर्वत राज हिमालय की पुत्री तथा कैलाशपति शिव की अर्द्धांगिनी होने के कारण नन्दा के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की अनन्य श्रद्धा एवं आस्था होने से सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में इनके अनेक

*विभागाध्यक्ष, संगीत, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, एस.एस.जे. परिसर, अल्मोड़ा

शक्तिपीठ तथा पूजा स्थल स्थापित हैं ।"[1] गढ़वाल में नंदा देवी के मंदिर नौटी सिमली, करूड़, कांसवा, लाता, मींग, कुलसारी, नन्दकेसरी व गैर आदि गाँवों में हैं। कुमाऊँ मण्डल के नैनीताल के अलावा अल्मोड़ा, भवाली, रानीखेत, गरूड़–बैजनाथ स्थित कोट में लगभग सप्ताह भर चलने वाले महोत्सव के दौरान भव्य मेलों का आयोजन किया जाता है।

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में नंदा देवी का विशेष स्थान है। सवा सौ साल का सफर कत्यूर काल के गौरवशाली इतिहास को समेटे ब्रिटिश हुकुमत तथा गोरखाओं के बीच भीषण युद्ध का गवाह रहा है। किंवदंतियों एवं इतिहास के अनुसार सन् 1673 में चंद राजा गढ़वाल के जूनागढ़ जिले को जीतने के बाद रण देवी के रूप में नंदा की प्रतिमा को अपने साथ कुमाऊँ लाये थे जिसका एक भाग बैजनाथ एवं दूसरा भाग अल्मोड़ा में स्थापित किया गया। कुमाऊँ की उत्पत्ति एवं चंद शासकों का अतीत स्वर्णकाल का मूक दर्शक रहा। चम्पावत वर्ष 1563 तक चंद राजाओं की राजधानी रही है, तत्पश्चात् चंद राजाओं की राजधानी अल्मोड़ा स्थापित हुई। सामाज्य विस्तार के समय सन् 1673 में राजा बाज बहादुर चंद ने गढ़वाल के जूनागढ़ किले को जीत लिया, वह अपने साथ माँ नन्दा की प्रतिमा को ले आये।

अल्मोड़ा पहुँचने से पूर्व राजा और उसके सैनिकों ने नंदा देवी के डोले के साथ गरूड़ में विश्राम किया, दूसरे दिन जब राजा राजगुरु के साथ डोले में रखी प्रतिमा की पूजा करने आये तो मूर्ति दो भागों में खण्डित हो चुकी थी। विचार–विमर्श के बाद मूर्ति के एक भाग को वहीं पर स्थापित कर कोटामाई के नाम से प्रतिष्ठित किया गया, जबकि दूसरी मूर्ति को अल्मोड़ा के राजमहल में अपनी कुलदेवी गौरा के साथ स्थापित किया गया। 1857 से माँ नन्दा देवी का पूजन चंपावत वंश के चंद राजाओं द्वारा किया जाता रहा है।[2] अन्तिम राजा आनन्द सिंह की अविवाहित अवस्था में मौत हो जाने के कारण काशीपुर के चंद वंशजों द्वारा पूजन की परम्परा को आगे बढ़ाया गया जो वर्तमान समय में भी जारी है। गढ़वाल में नंदा राजजात एवं कुमाऊँ में नंदा सुनन्दा के आयोजन, पूजन उत्तराखण्ड की अटूट आस्था का सुन्दर समन्वय है। कुमाऊँ के अन्य भागों में होने वाले आयोजनों से यहाँ थोड़ी भिन्नता है किन्तु पूजा सहित तमाम विधि विधान एक से हैं।



"किंवदंतियों एवं इतिहास के अनुसार सन् 1670 कुमाऊँ के चंद शासक राजा बाज बहादुर चंद ने, बधाण कोट किले से माँ नन्दा देवी की स्वर्ण प्रतिमा लाकर यहाँ मल्ला महल (वर्तमान का कलेक्ट्रेट परिसर, अल्मोड़ा) में स्थापित किया गया। तदुपरान्त माँ नंदा का कुलदेवी के रूप में पूजन प्रारम्भ हुआ। राजा जगत चंद को बधाणकोण विजय के दौरान नंदादेवी की मूर्ति नहीं मिली तो उन्होंने ख़जाने से अशर्फियों को गलवाकर माँ नन्दा की प्रतिमा तैयार कराई जिसे मल्ला महल स्थित नंदा देवी परिसर में स्थापित कर दिया गया। नंदा देवी परिसर में सन् 1690 में तत्कालीन राजा उद्योत चंद ने पार्वतीश्वर और उद्यो चंद्रेश्वर नामक दो शिव मंदिर बनवाये। मल्ला महल स्थापित नंदादेवी की प्रतिमाओं को सन् 1815 में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान तत्कालीन कमीश्नर ट्रेल ने उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके उपरान्त जब एक दिन कमिश्नर ट्रेल नंदादेवी चोटी की ओर जा रहे थे तो राह में उनकी आँखों की रोशनी चली गयी। फिर लोगों की सलाह पर उनके द्वारा अल्मोड़ा में नंदादेवी का मंदिर बनवा कर नंदा देवी की मूर्ति स्थापित की गयी।"[3] नंदा देवी, अल्मोड़ा की मंदिर निर्माण शैली अत्यन्त पुरानी है। यहाँ की कलाकृतियाँ खुजराहो मंदिरों की तर्ज पर हैं। यह मंदिर संरक्षित श्रेणी में आता है।

आराध्य माँ नन्दा एवं सुनन्दा का भक्तों को बेसब्री से इंतज़ार रहता है। माँ नन्दा एवं सुनन्दा की प्रतिमा के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रातः कदली वृक्ष को आमंत्रण दिया जाता है। मुहुर्त के अनुरूप वृक्ष का चुनाव कर गंगा जल, स्नान, टीका, चन्दन, लाल और सफेद वस्त्र बाँध कर अभिषेक किया जाता है। " 'स्वर्गफल' कदली जिसका वृक्ष देवभूमि की आराध्या माँ नन्दा और सुनन्दा के लिए अर्पण को तत्पर रहता है। विशेष बात यह है कि प्रतिमा के लिए योग्य वृक्ष के चयन की प्रक्रिया अद्भुत एवं आध्यात्म पर आधारित है। केले के बागान (किंवाड़ी) में शुभ मुहुर्त में जब पुरोहित अभिमंत्रित चावल फेंकते हैं, तभी माँ को अर्पित किये जाने वाले योग्य कदली वृक्ष का तना और पत्तियाँ अप्रत्याशित रूप से हिल कर संकेत देते हैं।"[4] पंडित, शास्त्री एवं यजमान उसी वृक्ष का चयन कर उसे गंगा जल से स्नान कराकर तिलक चंदन लगाकर लाल एवं सफेद वस्त्र बाँधते हैं। वृक्ष को काटे जाने तक विधि–विधान से उसका नियमित पूजन किया जाता है।

असंगठित क्षेत्र की अवधारणा घाना में कार्यरत बिट्रिष मानव वैज्ञानिक कीथ हार्ट के अध्ययन से निकली है। इसके बाद १९७० के दशक में आई०एल०ओ० ने इस अवधारणा में सम्मानीय कार्य का अवयव समाहित किया और फिर काम के अधिकार, कार्य करने वालों के अधिकार, श्रम संगठनों के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा के अधिकार भी इस अवधारणा के साथ संलग्न होते गयें। लेकिन कुछ विद्वानों ने स्पष्ट किया है कि **''असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र''** की अवधारणा को सिर्फ आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित रखना ठीक नही है। सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर यह अवधारणा अपने निहितार्थ में अत्यन्त व्यापक है। इसका केवल आर्थिक विश्लेषण समाज के अन्तगर्त व्याप्त अनौपचारिक वास्तविकता के एक महत्वपूर्ण दायरे की अनदेखी करता है। [१]

पर्वतीय क्षेत्रों में निम्न एंव मध्य वर्ग की महिलायें परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए संगठित एंव असंगठित क्षेत्रों में आने लगी है। यह एक वास्तविकता है कि महंगाई के इस दौर में परिवार की अनिवार्य आवष्यकताओं एंव अच्छे जीवन स्तर के लिए केवल एक व्यक्ति की कमाई पर्याप्त नही होती। अत: आर्थिक रूप से सुदृढ़ता एंव धनोपार्जन के लिए अधिकांश महिलायें असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने लगी। असंगठित क्षेत्रों से तात्पर्य बिना किसी संगठन के अनियमित कार्यो एंव उद्योग–धन्धों से है। कहने का तात्पर्य यह है कि ऐसे कार्य संगठित न होकर असंगठित होते है। प्राय: इन क्षेत्रों में कार्य करने की कोई निश्चित सीमा नही होती है और परिश्रम का कोई निषिचित नियम नही होता। इस तरह असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का मुख्य उद्देश्य केवल धन कमाना होता है। गरीबी एंव निम्न जीवन यापन करने वाले अधिकांश परिवारों की महिलायें जिनके पति की कम आय है तथा दैनिक वेतनभोगी या ध्याड़ी मजदूरी पर कार्य करते है ऐसी महिलायें परिवार की आय को बढानें के लिए उच्च या मध्य वर्गीय परिवारों में जाकर खाना बनाना, झाड़ू पोछा करना, घर की सफाई, बर्तन माजंना, कपड़े धोना तथा कार्यरत महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल करना है। २०११–१२ में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार असगंठित क्षेत्रों में मिलने वाले रोजगार कुल रोजगार का लगभग ८४ प्रतिषत है। जिसमें महिलाओं की हिस्सेदारी की दर ९६ प्रतिषत तक है।

गौड़ तथा शर्मा के अनुसार १५ से ६० वर्श की सभी महिलायें जो जिविकोपार्जन हेतू मजदूरी करती है या अपने श्रम को किसी अन्य आर्थिक कार्यो में निवेषित करती है असंगठित क्षेत्र के अर्न्तगत आती है। इन्हें निम्न श्रेणी में वर्गीकृत किया जा सकता है। जैसे लघु कुटीर उद्योग, खोम्चा लगाने वाले दुकानदार, बधुंआ या ध्याड़ी पर काम करने वाले, खेतीहर मजदूर, घरेलू सेवा क्षेत्र, परम्परागत अथवा गैरपरम्परागत उद्योग में प्रोसेसिंग वर्ग, निमार्ण उद्योग व सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं का योगदान लगभग २० प्रतिषत है। **''नेशनल कमीशन ऑफ सेल्फ इम्पलाइज वूमेन''** के अनुसार भारत का असंगठित क्षेत्र महिलाओं का क्षेत्र है जो जनसंख्या वृद्धि शहरों की ओर पलायन व वैश्वीकरण इत्यादि के चलते तेजी से बढा है। इसमें रोजगार के अवसरों की कमी नही है परन्तु कार्य का एक अनाकर्शण क्षेत्र



Scanned with CamScanner

भी है। इस क्षेत्र में महिलाओं की अधिकता इसलिए भी है कि वे गरीब है तथा अशिक्षित व अप्रक्षिशित है। अपने परिवार व बच्चों के पालन एंव परिवार के आर्थिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए ये आसानी से प्राप्त होने वाले कार्य को स्वीकार कर लेती है। जहां कार्य के दौरान उन्हे आर्थिक, मनोवैज्ञानिक तथा अन्य कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।[२]

निर्मला बनर्जी द्वारा कलकत्ता नगर की महिला कर्मचारियों पर किये गये अध्ययन से यह विदित होता है कि महिलाओं के परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति तथा पूर्वी बंगाल की महिलाओं का आगमन असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सोचनीय दषा का प्रमुख कारण है। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की व्यवसायिक स्थिति में यद्यपि उनके परिवार एंव सामाजिक जीवन में कुछ परिवर्तन उत्पन्न किये है तथापि यह परिवर्तन अत्यन्त सीमित है। परिवार में उन्हें अपने जीवीकोर्पाजन की स्थिति के कारण कोई विषेश आर्थिक षक्ति प्राप्त नही हुई है। [३]

असंगठन या अनौपचारिकता काम की खण्डित प्रवृत्ति, कार्यो की अधिकता और नियोक्ताओं की बहुलता जैसे वास्तविक कार्यो के सन्दर्भ में मौजूद है। रोजगार की स्थिरता और विविध कार्य सम्बन्धों का मामला भी है। कार्यो का विवरण, मजदूरी संरचना एंव सर्विस पैकेज अलग–अलग एंव जटिल है और ये सब मिलकर समस्या उत्पन्न करते है। जिससे स्थान विषेश पर भी समान मजदूरी लागू करने में परेषानी होती है। [४]

असंगठित क्षेत्र में एक ही श्रेणी के भीतर भी मजदूरी की दरें अलग–अलग है यह इस बात पर भी निर्भर करती है कि संविदा की प्रवृत्ति क्या है और काम काज या कामकाजों की दूसरी विषेशतायें क्या है। साप्ताहिक अवकाश, वार्षिक अवकाश, मातृत्व अवकाश, बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी या रूग्ण अवकाश शायद ही इस सेक्टर में दियें जाते हो। काम की सभी तरह की स्थितिया व शर्ते, पगार का पुर्नमूल्यांकन, अवकाश और इसी तरह की दूसरी सुविधायें इस बात पर निर्भर करती है कि किसने क्या तय किया है। इस सेक्टर में पर्याप्त नियमन का अभाव है और यही कारण है कि लिंग,जाति और प्रवसन की दूसरी बातों में फसे इस सेक्टर में असंगठन की स्थिति दयनीय हालत तक पहुची हुई है।[५]

''राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा एकत्र आकड़ों के अनुसार देष की ८६ प्रतिशत महिलायें ऐसी है जिनके श्रम का आर्थिक मूल्यांकन न के बराबर है, वे वित्तीय दृष्टि से पूरी तरह दूसरों पर यानि पुरूषों पर निर्भर है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि औरतों के घर में किये जाने वाले कामों जैसे कि खाना पकाना, कपड़े धोना, साफ सफाई और बच्चे पालने को औपचारिक रूप से श्रम नही माना गया है और उसकी कोई भी कीमत नही आंकी जाती। २०११–१२ से संकलित आकड़ों में यह तथ्य सामने आया है कि कामकाजी औरतों की संख्या पहले से बढी है लेकिन कुल श्रम बल में इनका अनुपात कम हो गया है। [६]

असंगठित क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कड़ी घरेलू कामकाज है। ये काम मुख्यतः शहरों में होता है जिसे गॉव या पिछड़े व आदिवासी इलाकों से आने वाली लड़किया तथा महिलायें करती हैं। इसमें भी महिलाओं के श्रम का मूल्यांकन अन्यायपूर्ण होता है। उनकी मेहनत के मुकाबले बहुत कम पगार दी जाती है इनमें प्लेसमेन्ट एजन्सियों की भी काली भूमिका रहती है। जो लड़कियों के निर्धारित वेतन का एक बड़ा हिस्सा हड़प लेती है। घरेलू काम में लगी महिला श्रमिकों की सबसे बड़ी चुनौती है स्वयं को यौन शोषण से बचाना घरों में निजी चारदिवारी के भीतर काम करने, विषेशकर २४ घण्टे काम करने की स्थिति में यौन शोषण की आषंका कई गुना बढ जाती है। [७]

अतः कहा जा सकता है कि असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाली श्रमिक महिलाओं की स्थिति अत्यधिक कठिन होती है इन्हें परिवार एंव कार्यस्थल पर अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संगठित क्षेत्र में कानूनी और मजदूर संघ के विरोध के डर से महिला श्रमिक कुछ हद तक सुरक्षित है किन्तु



Scanned with CamScanner

असंगठित क्षेत्र में कोई संगठन न होने के कारण महिलायें अधिक असुरक्षित है। प्रस्तुत अध्ययन में उच्च एंव मध्य वर्गीय परिवार में घरेलू काम करने वाली महिलाओं से संबंधित कई समस्याओं को इंगित करने का प्रयास किया गया है। ये महिलायें असुरक्षा के वातावरण में कार्य करती है क्योंकि ऐसे कार्य स्थाई नही होते है। भविश्य में उनके पास यह काम रहे या ना रहे इसकी कोई निश्चितता नही रहती है। एक ओर पैसा कमाना इनकी मजबूरी होती है वहीं दूसरी ओर परिवार की समस्त जिम्मेदारी भी इनकी स्वंय की होती है। जिससे दोंनों भूमिकाओं के मध्य फस जाती है जो उनके लिए कई तरह की तनावग्रस्त परिस्थितियां उत्पन्न कर देती है। प्रस्तुत अध्ययन में इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर घरों में कार्य करने वाली इन महिलाओं की समस्याओं को षोध बिन्दुओं के रूप में रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

**अध्ययन का उद्देश्य**

प्रस्तुत अध्ययन का प्रमुख उद्देष्य अल्मोड़ा नगर के असंगठित क्षेत्र में मध्य एंव उच्च वर्गीय परिवार में घरेलू कार्य में कार्यरत महिलाओं की प्रमुख समस्याओं के सन्दर्भ में अध्ययन करना है।

**षोध—अभिकल्प**

प्रस्तुत अध्ययन का मुख्या उद्देष्य अन्वेशणात्मक है। अत: शोध हेतु इस अध्ययन में अन्वेशणात्मक एंव विवेचनात्मक शोध अभिकल्प का उपयोग किया गया है। अन्वेशणात्मक दृष्टिकोण से विभिन्न परिप्रेक्ष्यों जैसे सामाजिक, आर्थिक एंव पारिवारिक सन्दर्भ में महिलाओं की प्रमुख समस्या एंव उनके षोशण का अध्ययन करके एक समाजषास्त्रीय व्याख्या प्रस्तुत की गई है। अध्ययन निदर्ष पर आधारित है प्राथमिक सर्वेक्षण के अनुसार अल्मोड़ा के नगरीय क्षेत्र में लगभग २०० महिलायें मध्य एंव उच्च वर्गीय परिवारों में कार्य करती है। अधिक संख्या होने के कारण समग्र रूप में सम्मिलित नही किया जा सकता। अत: दैव निर्दशन पद्धति का उपयोग कर १५ प्रतिषत निर्दष का चयन किया गया। यह चयन लाटरी पद्धति द्वारा किया गया इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन कुल ३० अध्ययन इकाइयों पर आधारित है।

अध्ययन मुख्य रूप से प्राथमिक आकड़ों पर आधारित है तथा आकड़े एकत्रित करने के लिए साक्षातकार अनुसूचि तथा आवश्यकतानुसार असहभागी अवलोकन पद्धति का उपयोग किया गया है।

**अध्ययन के आधार पर प्राप्त निश्कर्श**

१. ३० प्रतिशत उत्तरदाता ३२—३९ वर्श की आयु समूह, ५६.६ प्रतिशत उत्तरदाता, पत प्रतिशत उत्तरदाता हिन्दु धर्म, ५६.७ प्रतिशत उत्तरदाता अनुसूचित जाति के है।

२. शैक्षणिक स्तर के आधार पर ६६.७ प्रतिषत उत्तरदाता प्राथमिक स्तर तक शिक्षित है तथा ७६.६ प्रतिशत उत्तरदाताओं की मासिक आय रू० २०००—४००० मध्य है।

३. ७० प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि परम्परागत ग्रामीण समुदाय में आज भी व्यक्ति के स्तर को उसके उच्च एंव निम्न परिस्थिति द्वारा आंकलन किया जाता है और यही स्थिति व्यक्ति की प्रस्थिति का भी निर्धारण करता है। साथ ही ४६.६ प्रतिशत उत्तरदाता यह भी स्वीकार करते है कि घरों और होटलों में कार्यरत होने से समाज उन्हें हीन दृश्टि से देखता है। ५३.४ प्रतिशत उत्तरदाता स्वयं को आभावबोध की स्थिति में पाते है।

४. महिलाओं के साथ वेतन के सन्दर्भ में होने वाले भेदभाव के विषय में ५६.६ प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अन्य कार्य क्षेत्रों की तुलना में उन्हे कार्य के अनुरूप पारिश्रमिक नही मिलता है।

५. ७३.४ प्रतिशत उत्तरदाताओं को कमाने की पूर्ण स्वतन्त्रता के साथ व्यय करने की स्वतन्त्रता प्राप्त नही होती। आर्थिक रूप से स्वतन्त्र होने के पश्चात भी घरेलू सम्बन्धी निर्णायक भूमिकाओं में महिलाओ की भूमिका का कोई विषेश महत्व नही होता।

६. ५३.३ उत्तरदाताओं का मानना है कि पारिवारिक स्तर पर सदैव उनकी नौकरी का विरोध होता है।



Scanned with CamScanner

७. यद्यपि ५६.६ प्रतिषत उत्तरदाता यह स्वीकार करते है कि एक निश्चित अवधि पर उनके वेतन पर वृद्धि की जाती है किन्तु ४३.४ प्रतिषत उत्तरदाता यह भी स्वीकार करते है कि उनके वेतन पर वृद्धि का कोई प्राविधान नही है।

८. अवकाष के सन्दर्भ में ७६.६ प्रतिषत उत्तरदाताओं का मानना है कि उन्हें एक दिन का भी अवकाष प्राप्त नही होता है।

९. ४३.४ प्रतिषत उत्तरदाओं का मानना है कि आर्थिक मजबूरीवष मालिक व अन्य सदस्यों के कटु व्यवहार को सहन करना उनकी मजबूरी बन जाती है।

१०. ६३.४ प्रतिषत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि उनके कार्य करने का कोई भी समय, अवधि या घण्टे निर्धारित नही होते जिससे वह अपने परिवार, बच्चे व घर को छोड़कर अपना पूरा समय किसी अन्य की देखभाल और घरेलू कार्यो में व्यतीत करती है। साथ ही ८३.४ प्रतिषत उत्तरदाता यह भी मानती है कि उत्सव एंव त्यौहारों में उन्हे अपने निध ारित कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यो का भी निर्वहन करना पड़ता है।

११. ७० प्रतिषत उत्तरदाताओं ने कार्यस्थल में काम को लेकर असुरक्षा की भावना को एक प्रमुख समस्या माना है। जो सर्वाधिक तनाव को उत्पन्न करता है।

१२. ५२.८ प्रतिषत उत्तरदाता स्वीकार करते है कि विवाहित होने की दषा में घर से बाहर जाकर कार्य करना उनकी घरेलू जिन्दगी को तनावग्रस्त कर देते है।

१३. ४० प्रतिषत उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि ऐसे परिवार जो युवा लड़कियों की आय पर पूर्ण रूप से निर्भर है उसके विवाह को टालते रहते है।

१४. ६६.६ प्रतिषत उत्तरदाताओं ने घरेलू हिंसा को स्वीकार नही किया है किन्तु ३३.४ प्रतिषत उत्तरदाताओं घरेलू हिंसा को स्वीकार किया है जिसमें प्रमुख रूप से मारपीट सम्मिलित है जो उनके पति द्वारा किया जाता है।

सम्पूर्ण विवेचना के आधार पर स्पष्ट है कि अधिकांष महिलाओं की स्थिति सामाजिक रूप से आज भी निम्नतर है। अध्ययन का एक दुखद पहलू यह है कि घरों में कार्य करने वाली महिलाओं को अच्छी दृष्टि से नही देखा जाता है। नौकरी करने के सन्दर्भ मे सर्वाधिक उत्तरदाताओं ने यह भी स्वीकार किया है कि परिवारिक स्तर पर उनकी नौकरी का विरोध होता है और यह विरोध पति द्वारा सर्वाधिक किया जाता है। अधिकांष महिलायें आर्थिक मजबूरी के कारण किसी भी तरह के कार्य को स्वीकार कर लेती है। महिलाओं के एक बड़े प्रतिषत ने यह भी स्वीकार किया है कि वेतन के सन्दर्भ में उनसे भेदभाव किया जाता है। यद्यपि अधि ाकांष महिलाओं का मानना है कि निश्चित अवधि में उनके वेतन में वृद्धि कर दी जाती है किन्तु उन उत्तरदाताओं का भी प्रतिषत ज्यादा है जिन्होनें वेतन वृद्धि को अस्वीकार किया हैं। घरों में काम करने वाली महिलाओं की प्रमुख समस्या यह है कि उन्हें साप्ताहिक अवकाष प्राप्त नही होता है। उनके कार्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार की छुट्टीयों का कोई प्राविधान नही होता है। साथ ही उत्सव या त्यौहारों में अतिरिक्त कार्यबोझ को भी अधिकांष उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है। अध्ययन में महिलाओं को पारिवारिक स्तर पर षोशण का सामना करना पड़ता है। अधिकांष उत्तरदाताओं का मानना है कि पति द्वारा नौकरी का विरोध, तानाकषी तथा घरेलू हिंसा के अन्तगर्त मारपीट की जाती है। एक प्रमुख समस्या कार्य के प्रति असुरक्षा के भाव को लेकर है क्योकि अधिकांष उत्तरदाताओं का मानना है कि काम छूटने का भय उन्हें सदैव रहता है साथ ही कार्य घण्टे असिमित होते हैं। मानसिक षोशण के सन्दर्भ में कार्यरत महिलाओं को कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के अवाछंनीय व्यवहार, गंदे ताने व भाषा का सामना नही करना पड़ा किन्तु अधिकांष विवाहित महिलाओं द्वारा मानसिक षोशण को स्वीकार किया गया है। क्योंकि उनका मानना है कि घर की समस्त जिम्मेदारिया उनकी ही मानी जाती है। यदि घर के



Scanned with CamScanner

कार्यो को ठीक प्रकार से नही कर पाती तो उनका घरेलू जीवन तनावग्रस्त रहता है। अधिकांष उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि युवा लड़कियों की आय पर निर्भर माता–पिता व परिवार के सदस्य उनके विवाह को टालते है। आर्थिक स्वतन्त्रता के सन्दर्भ में सर्वाधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि वे कमायें गये धन को पूर्ण स्वतन्त्रता के साथ व्यय नही कर पाते।

सुझाव

१. इस क्षेत्र का असंगठित होना ही बड़ी समस्या है जो अन्य बहुत समस्याओं का स्रोत बन जाता है। अत: इस क्षेत्र को संगठित व नियंत्रित किये जाने की दिषा में ठोस कदम उठाना जरूरी है।

२. असंगठित क्षेत्र को समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित करने की आवश्यकता है जिससे इस क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सुवसर प्राप्त हो।

३. असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले महिला श्रमिकों की स्थिति को सुधारने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा कई सुविधाओं के लिए अनेक सरकारी व गैर सरकारी कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है किन्तु जागरूकता के आभाव में अनेक महिलायें इन सुविधाओं से वंछित रह जाती है। अत: इस दिशा में सर्वप्रथम जागरूकता लाना आवश्यक है जिससे वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके।

४. संवैधानिक संषोधनों में महिला श्रमिकों की कार्यगत परिस्थितियों को ध्यान में रखकर कानूनों का निर्माण व संशोधन किया जाये।

५. सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर ऐसी संस्थाओं व समितियों का गठन किया जाये जो इन महिलाओं को शोशण व तनावग्रस्त परिस्थितियों से मुक्त करने में सहायक हो। जिससे वह स्वतन्त्र व तनावमुक्त वातावरण में कार्य कर सके।

६. उच्चता व निम्नता के भेदभाव को खत्म करने के लिए विभिन्न संगोष्ठियों व कार्यपालाओं का जमीनी स्तर पर आयोजन किया जाना आवश्यक हैं जिससे परम्परागत रूढिवादी सामाजिक मानसिकता को बदल सके। तभी इन महिला कामगारों को एक सम्मानजनक स्थिति प्राप्त हो पायेगी।

सन्दर्भ–सूचि


१ संपादकीय ''योजना अक्तूबर २०१४ पेज नं० ०५

२. द्विवेदी सोनू ''अर्पिता प्रकाशक ४४ पालिका मार्किट रूद्रपुर पेज नं० ३६

३. बनर्जी एन० ''वूमेन वर्कर इन द आर्गेनाइज्स सेक्टर सेवाग्राम बुक हैदराबाद १९८५।

४. नीता एन० ''कन्र्दूर्स आफ डोमस्टिक सर्विस : करैक्टरस्टि्क्स : वर्क रेगूलेषन, दि इडियन जरनल आफ लेबर इकोनोमिक्स अंक ३, २००९

५. नीता एन० ''पलायन महिलायें और असंगठित क्षेत्र योजना अक्तूबर २०१४ पेज ५२

६. सेतिया सुभाश ''असंगठित क्षेत्र में महिला कामगारों की स्थिति योजना अक्तूबर २०१४ पेज नं० ६७

७. सेतिया सुभाश ''असंगठित क्षेत्र में महिला कामगारों की स्थिति योजना अक्तूबर २०१४ पेज नं० ६७


❑❑❑



Scanned with CamScanner

S N. 251

12

ISSN 0974-0074

# राधा कमल मुकर्जी : चिन्तन परम्परा

(National Refereed Journal of Social Sciences)

वर्ष 18 अंक 1

जनवरी–जून, 2016

समाज विज्ञान विकास संस्थान

बरेली (उ.प्र.)

Scanned with CamScanner

राधाकमल मुकर्जी : चिन्तन परम्परा — वर्ष 18 अंक 1, जनवरी-जून 2016
Regd. No. UPHIN/1999/00955 — ISSN 0974-0074

# महिलाओं की प्रस्थिति एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

❑ कु. सरिता
❖ डॉ. रेनू प्रकाश

> स्वतत्रोपरांत भारत में शिक्षा के प्रसार, औद्योगीकरण, नगरीकरण, यातायात एवं संचार के साधनों के विकास, संयुक्त परिवारों के विघटन, पाश्चात्यीकरण, आधुनिकीकरण तथा महिला-कल्याण हेतु बने सामाजिक विधानों के फलस्वरूप महिलाओं की स्थिति में अतिशय परिवर्तन आया है। हिन्दू और मुस्लिम महिलाओं पर विचार करें तो दोनों के सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोणों में भिन्नता के कारण अलग-अलग परिवर्तन दिखाई देता हैं। प्रस्तुत अध्ययन सांप्रत भारतीय समाज में हिन्दू और मुस्लिम महिलाओं की स्थिति का तुलनात्मक विश्लेषण करने का एक प्रयास है।

**प्रस्तुत अध्ययन** का मुख्य उद्देश्य हिन्दू एवं मुस्लिम महिलाओं की जीवन शैली का एक तुलनात्मक अध्ययन करना है। भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है, जिसमें विभिन्न धर्म और अलग-अलग जाति के लोग रहते हैं जिनकी अपनी जीवन शैली, भाषायें और अलग-अलग तरह की संस्कृति है। प्रत्येक धर्म को मानने वाले लोग अपने-अपने तरीके, रीति-रिवाज और परम्पराओं का पालन करते हुए अपने धार्मिक मूल्यों के अनुसार अपना जीवन निर्वाह करते हैं। भारत में अगर महिलाओं के सन्दर्भ में बात की जाए तो वैदिक काल में महिलाओं की दशा अत्यन्त उच्च मानी गई है।

**समाज को** स्वरूप व दिशा प्रदान करने में महिलाओं व पुरुष का बराबर योगदान रहा है, किन्तु पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को सार्वभौमिक अधिकार की अभी भी दरकार है, जबकि इतिहास साक्षी है कि परिवार समाज व देश को जब भी महिला की आवश्यकता पड़ी उसने अपनी सार्थकता को सिद्ध कर दिया है। हमारा देश अपने धार्मिक रीति-रिवाजों, परम्पराओं, धर्म, सभ्यता व संस्कृति के लिए विश्व के राष्ट्रों में अग्रणीय रहा है। हमारी धार्मिक मान्यताओं में महिलाओं के स्वरूप को सरस्वती, लक्ष्मी, भगवती, सावित्री, सीता व राधा के रुप में पूजा व सम्मान दिया जाता है। उसी महिला शक्ति को आज अत्याचार व पीड़ादायक जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। "हिन्दूओं के रीति-रिवाज व मान्यताएं" नामक पुस्तक में प्रकाश गंगराडे ने लिखा है "माँ सरस्वती विद्या, संगीत और बुद्धि की देवी मानी गयी हैं। प्राचीन ग्रन्थों में वाग्देवी, वाणी, शरदा, भारती वीणापणि, विद्याधरी 'सर्वमंगल' आदि नामों से अलंकृत किया गया है।[1]

**वैदिक काल** में महिलाओं के लिए शिक्षा की व्यवस्था थी। प्रत्येक बेटी को अपने जीवन साथी चुनने का अधिकार था। विश्धारा, अपाला और घोषा ने मंत्रों की रचना कर ऋषि पद प्राप्त किया था। घोषा अपने माता-पिता के घर ही रही उसने विवाह नहीं किया था।[2] मनु के अनुसार स्त्रियों के जीवन में किसी भी अवस्था में स्वतंत्रता संभव नहीं है। विवाह के पूर्व तक माता-पिता के संरक्षण में रहना है। ऐसी स्थिति में आर्थिक दृष्टि से महिला एक दायित्व बन गई और इस प्रकार समाज पुरूष केन्द्रित होता गया।[3] राजा राम मोहन राय, दयानन्द सरस्वती, राम कृष्ण मिशन, थियोसोफिकल सोसायटी आदि के प्रयासों से इन कुरीतियों का अन्त करने का प्रयास किया गया। समाज सुधार और देश की आजादी के संयुक्त लक्ष्य में कहीं भी स्त्री और पुरुष का भेदभाव आड़े नहीं आया। दोनों परस्पर सहयोग व पूरक वर्ग भूमिका निभाते रहे।

**भारत में** स्वतंत्रता के पश्चात स्त्रियों, की स्थिति में काफी परिवर्तन हुए हैं। "स्वतंत्रता के पश्चात अनेकों ऐसे परिवर्तन व नवाचारों के कारण महिलाओं को अपनी स्थिति सुदृढ़ करने का अवसर मिल सका। इस परिस्थितियों में श्री निवास (१९७६) ने पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण और जातीय गतिशीलता के हुए प्रभाव को प्रमुख स्थान दिया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं में शिक्षा का प्रसार होने व औद्योगीकरण के फलस्वरूप भी उन्हें आर्थिक जीवन में प्रवेश करने के अवसर मिले। संचार के साधनों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं का विकास होने से महिलाओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करना आरम्भ कर दिया। संयुक्त परिवार का विघटन होने से महिलाओं के परिवार-अधिकारों में वृद्धि हुई और सामाजिक

❑ शोध अध्येत्री, समाजशास्त्र विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, एस.एस.जे. परिसर अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)
❖ असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, एस.एस.जे. परिसर अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)

अधिनियमों के प्रभाव से सामाजिक कुरीतियों का प्रभाव आंशिक हो गया। इन सब कारकों के फलस्वरूप महिलाओं की स्थिति मे काफी हद तक परिवर्तन आया।[५]

परम्परागत भारतीय समाज की बात की जाए तो हिन्दू एवं मुस्लिम महिलाओं की जीवनशैली अलग-अलग नहीं है। जातिगत स्त्रीकरण के कारण प्रत्येक जाति की भूमिका परिस्थिति अलग-अलग क्षेत्र में उसकी सहभागिता एक समान रही है। हिन्दू एवं मुस्लिम जीवन शैलियों का यदि तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो भारत में मुगल काल के प्रारम्भ होने पर स्त्रियों की स्थिति बदतर होने लगी। मुस्लिम महिला को एक चादर में लिपटी सोचा जाता है, जो कि पूर्णतः भ्रांतिपूर्ण और भ्रामक अवधारणा है। यद्यपि इस्लाम धर्म में मुस्लिम महिला के लिए परदे का प्रावधान है, लेकिन अधिकारों को प्रयोग करने की पूर्ण स्वतंत्रता है। महिला और पुरुष, दोनों से ही समाज का निर्माण हुआ संसार में सर्वप्रथम खुदा ने हजरत आदम साहब को पैदा किया, तभी से दुनिया की शुरुआत हुई। इस्लाम धर्म के अनुसार हम सभी उन्हीं का सन्तान है। ''मुस्लिम समाज में महिला की दयनीय स्थिति का आरम्भ बहुत समय पूर्व हुआ था। इस्लाम से पहले औरतों के कोई हुकूक (अधिकार) नहीं थे। उनकी जान की कोई कीमत नही थी। पत्नियों की गिनती नहीं थी। इसलिए जो व्यक्ति जिस औरत को चाहता उसे अपने निकाह में ले लेता और उसके साथ वहीं व्यववहार करता जो जानवरों के साथ किया जाता है।''[६]

अल्पसंख्यक महिलाओं में मुस्लिम महिलाओं के आज भी अधिकारों में बदलाव नहीं हुआ है। आज भी उन्हें उनके अधिकार प्राप्त नहीं हैं। उन्हें शिक्षा से वंचित रखा जाता है। उनमें आज भी उनमें पर्दा प्रथा लागू है। भारतीय समाज में मुस्लिम समाज में विशिष्ट श्रेणी के रूप में मुस्लिम महिलाओं को उनके धार्मिक मूल्यों परम्पराओं पर्दा व तलाक आदि की विशिष्टताओं के रूप में जान सकते हैं।''[७]

भारतीय समाज में मुस्लिम महिलाओं को यद्यपि आम महिलाओं से भिन्न करके नहीं देख सकते हैं। इस्लाम में कुरान शरीफ पुरुष और महिलाओं को समानता का दर्जा देता है और वह महिलाओं को धर्म के मार्ग पर बाधक नहीं मानता है। कुरान ने उसकी आयातों की विभिन्न व्याख्याओं ने उन्हें निम्न स्थान दे दिया। समय-समय पर मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक स्थिति में परिवर्तन होता रहा है। साथ ही सिद्धान्त और व्यवहार तथा आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार पाया गया है। प्राचीन अरबी समाज में मुस्लिम महिलाओं की वैवाहिक परिवारिक एवं सम्पत्ति की दृष्टि से अनेक अधिकार प्राप्त थे। सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक दृष्टि से इनकी सामाजिक स्थिति काफी मजबूत थी। भारत में मुसलमानों के आगमन से महिलाओं की स्थिति में अनेक परिवर्तन आये जिससे महिलाओं के अधिकारों में रोक लगा दी गयी। जिस कारण महिलाएं घर के कामकाजों तक ही सीमित रह गई। मध्य युग में महिलाओं के अपहरण तथा यौन शोषण जैसे घटनाओं ने बाल विवाह एवं पर्दा प्रथा को बढ़ावा दिया है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि भारत में महिलाओं की स्थिति में कई सामाजिक एवं वैचारिक बदलाव आये हैं। मध्य युगीन काल के निम्न स्तरीय जीवन की बात यदि छोड़ दी जाये तो कई सामाजिक सुधारों के परिणामस्वरूप महिलाओं के जीवन स्तर में अनेकों विचारणीय परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे हैं। आज भी समाज में महिलाओं के प्रति सामाजिक तौर पर परम्परागत सोच में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आया है। हिन्दू और मुस्लिम दोनों महिलाओं के परिवेश, भाषा तथा स्वतंत्रता सम्बन्धी अलग-अलग दृष्टिकोण होने के कारण दोनों के जीवन स्तर में तुलनात्मक रुप से अलग-अलग परिवर्तन दिखाई देते हैं, जिसका मुख्य कारण अलग धर्म रीति-रिवाज, परम्पराऐं तथा संस्कृति है।

**अध्ययन का उद्देश्य-** प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य बागेश्वर नगर के हिन्दू एवं मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना हैं। प्रस्तुत अध्ययन इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो जाता हैं कि इन दोनों अलग-अलग धर्मो की महिलाओं का जीवन स्तर कैसा है तथा एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न है।

**शोध अभिकल्प-** प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य अन्वेषणात्मक है। अतः शोध हेतु इस अध्ययन में अन्वेषणात्मक एवं विवेचनात्मक शोध अभिकल्प का उपयोग किया गया है। अन्वेषणात्मक दृष्टिकोण से सामाजिक स्थिति के सन्दर्भ में हिन्दू तथा मुस्लिम महिलाओं के जीवन स्तर का अध्ययन करके उसकी एक समाजशास्त्रीय व्याख्या प्रस्तुत की गयी है। अध्ययन समग्र एवं निदर्श दोनों पर आधारित है। अध्ययन बागेश्वर नगर के वार्ड न. ०६ घटबगड़, बाल्मीकि गोमती बस्ती बागेश्वर पर आधारित है। प्राथमिक सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि इस वार्ड में कुल २२६ महिलाएँ है, जिसमें २०२ हिन्दू महिलाएं तथा २७ मुस्लिम महिलाएं हैं। मुस्लिम महिलाओं कि संख्या कम होने के कारण अध्ययन हेतु इन्हें समग्र रुप में सम्मिलित किया गया। हिन्दू महिलाओं की संख्या अधिक होने से कारण इन्हें समग्र रुप में सम्मिलित नहीं किया गया। अतः दैव निदर्शन पद्धति का उपयोग कर निदर्श के रुप में १२.५



Scanned with CamScanner

प्रतिशत का चयन किया गया। इस प्रकार अध्ययन में कुल ५२ (२७ मुस्लिम महिलाएँ और २५ हिन्दू महिलाएँ) महिलाओं को सम्मिलित किया गया है। अध्ययन मुख्य रुप से प्राथमिक आँकड़ों पर आधारित है तथा आँकड़े एकत्रित करने के लिए साक्षात्कार अनुसूची तथा आवश्यक्तानुसार असहभागी अवलोकन पद्धति का उपयोग किया गया है।

**उपलब्धियाँ-** वर्तमान समय में पश्चिमीकरण आधुनिकीकरण शिक्षा, वैचारिक स्वतंत्रता तथा जाति गतिशीलता के कारण महिला परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं। जहाँ एक ओर भारतीय समाज में हिन्दू महिलाओं को भिन्न परिपेक्ष्यों में अनेक स्वतंत्रता प्राप्त है वहीं अरबी समाज मे भी मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक स्थिति सैद्धान्तिक एवं व्यवाहिक दृष्टिकोण से काफी मजबूत हो गई है। वर्तमान समय में दोनों धर्म की महिलाओं की स्थिति में काफी परिवर्तन दिखाई देते है। जैसे कि निम्न सारणी से स्पष्ट होती है-

**सारणी संख्या १**

**समाज में महिलाओं की स्थिति**

| समाज में महिलाओं की स्थिति | सामान्य | | अच्छी | | निम्न | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | १५ | ६० | ०५ | २० | ०६ | २४ | २५ | १०० |
| मुस्लिम | १५ | ५५.५ | - | - | १२ | ४४ | २७ | १०० |
| योग | ३० | ५७.६ | ०५ | ९.६ | १८ | ३४.६ | ५२ | १०० |

तुलनात्मक दृष्टिकोण से यदि देखा जाए तो हिन्दू तथा मुस्लिम धर्म को मानने वाली दोनों महिलाओं की सामाजिक स्थिति सामान्य है, क्योंकि ६० प्रतिशत हिन्दू महिलाएँ तथा ५५ प्रतिशत मुस्लिम महिलाएँ इस तथ्य को स्वीकार करती हैं। सारणी में एक रोचक प्रवृत्ति यह परिलक्षित होती है कि मुस्लिम समाज की एक बड़े वर्ग की उत्तरदाताओं ने महिलाओं की निम्न स्थिति को भी स्वीकार किया है।

**इसी** निरन्तरता में यह जानना भी आवश्यक है कि विभिन्न सामाजिक क्रिया-कलापों के निर्वह्न में महिलाओं की प्रमुख भूमिका एवं सहभागिता कितनी है। प्रस्तुत सारणी इसी तथ्यों को स्पष्ट करती है।

**सारणी संख्या - २**

**सामाजिक स्तर में सदस्यों द्वारा विभिन्न क्रिया-कलापों का निर्वहन**

| सामाजिक स्तर में सदस्यों द्वारा क्रियाकलापों का निर्वहन | युवा सदस्य द्वारा | | बुजुर्ग सदस्य द्वारा | | स्वयं | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | ०५ | २० | ०८ | ३२ | १२ | ४८ | २५ | १०० |
| मुस्लिम | ०७ | २५ | २६ | ७०.३ | ०१ | ३.७ | २७ | १०० |
| योग | १२ | २३ | २७ | ५१.९ | १३ | २५ | ५२ | १०० |

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि तुलनात्मक दृष्टिकोण से हिन्दू धर्म की (४८ प्रतिशत) उत्तरदाता सामाजिक क्रिया-कलापों का निर्वह्न स्वयं करती है, जबकि मुस्लिम समुदाय की ७०.३ प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि सामाजिक स्तर में भिन्न क्रिया-कलापों का निर्वह्न उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों द्वारा किया जाता है। अतः सारणी से स्पष्ट होता है कि मुस्लिम धर्म की महिलाओं पर हिन्दू धर्म की महिलाओं की अपेक्षा बुर्जुग सदस्यों का वर्चस्व अधिक है।

**इसी** निरन्तरता में यह जानना आवश्यक है कि महिलाओं को किसी भी स्थान में जाने की पूर्ण स्वतन्त्रता है या नहीं।



Scanned with CamScanner

## सारणी संख्या- ३
## महिलाओं को विभिन्न स्थानों में जाने की पूर्ण स्वतंत्रता

| स्वतंत्रता के संदर्भ में मत | हां | | नहीं | | कभी-कभी | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | १६ | ७६ | ०४ | १६ | ०२ | ०८ | २५ | १०० |
| मुस्लिम | १६ | ४५.२ | ११ | २६.७ | - | - | २७ | १०० |
| योग | ३५ | ६४.५ | १५ | ४०.०५ | ०२ | ५.४ | ५२ | १०० |

**तुलनात्मक** दृष्टिकोण से यदि देखा जाए तो हिन्दू धर्म की ७६ प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि उन्हें विभिन्न स्थानों में जाने की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय में ४३.२ प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि उन्हें विभिन्न स्थानों में जाने की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है। सारणी में एक रोचक प्रवृत्ति यह परिलक्षित होती है कि मुस्लिम समाज के एक छोटे वर्ग को ही इस प्रकार की स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि ३६.७ प्रतिशत उत्तरदाताओं को इस प्रकार की कोई स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है। इसी निरन्तरता में यह जानना भी आवश्यक है कि अपने कर्त्तव्य तथा अधिकारों के विभाजन पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है या नहीं।

## सारणी संख्या - ४
## महिलाओं के कर्त्तव्य तथा अधिकारों का विभाजन

| कर्त्तव्य तथा अधिकार | स्वयं के द्वारा | | बुजुर्ग के द्वारा | | कमाने वाले सदस्य द्वारा | | पति के द्वारा | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | १२ | ४८ | १३ | ५२ | - | - | - | - | २५ | १०० |
| मुस्लिम | ०७ | २५.६ | १८ | ६६.६ | ०१ | ३.७ | ०१ | ३.७ | २७ | १०० |
| योग | १६ | ३.६५ | ३१ | ५६.६ | ०१ | १.६ | ०१ | १.६ | ५२ | १०० |

**उपर्युक्त** सारणी से स्पष्ट है कि हिन्दू धर्म की ४८ प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि वे स्वयं अपने कर्त्तव्यों तथा अधिकारों का विभाजन करती हैं, जबकि इसके विपरीत ६६.६ प्रतिशत मुस्लिम उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि कर्त्तव्यों तथा अधिकारों का विभाजन उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों द्वारा किया जाता है। अतः सारणी से स्पष्ट होता है कि हिन्दू महिलाएं मुस्लिम महिलाओं की अपेक्षा एक स्वतंत्र पारिवारिक सामाजिक स्थिति को प्राप्त करती हैं। सामाजिक स्तर पर महिलाओं को पुरुषों के समान ही स्वतंत्रता प्राप्त है या नहीं इस तथ्य को निम्न प्रकार स्पष्ट किया गया है।

## सारणी संख्या- ५
## सामाजिक स्तर पर महिलाओं को पुरुष के समान स्वतंत्रता

| महिलाओं को पुरुषों के समान स्वतंत्रता | हां | | नहीं | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | २१ | ८४ | ०४ | १६ | २५ | १०० |
| मुस्लिम | २७ | १०० | - | - | २७ | १०० |
| योग | ४६ | ८४.४ | ०४ | ७.६ | ५२ | १०० |

**सारणी से** स्पष्ट होता है कि हिन्दू धर्म की ८४ प्रतिशत तथा मुस्लिम धर्म की शत प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सामाजिक स्तर पर महिलाओं को पुरुषों के समान, स्वतंत्रता प्राप्त होना स्वीकार किया है। सामाजिक स्तर पर अपनी स्थिति को सुदृढ़ करने के अवसर प्राप्त हो, किन्तु व्यवहारिक रूप से अगर देखा जाए तो महिलाओं की समाज में निम्न स्थिति के कई कारण विद्यमान है। सारणी संख्या ६ इन्हीं कारणों को स्पष्ट करती है।



Scanned with CamScanner

### सारणी संख्या- ६
### महिलाओं की समाज में निम्न स्थिति के कारण

| निम्न स्थिति | अशिक्षा | | बाल-विवाह | | संयुक्त परिवार व्यवस्था | | सभी | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत | आवृति | प्रतिशत |
| हिन्दू | ०३ | १२ | – | – | ०२ | ८ | २० | ८० | २५ | १०० |
| मुस्लिम | २३ | ८५.१ | – | – | ०१ | ३७.७ | ०३ | ११.१ | २७ | १०० |
| योग | २६ | ५२ | – | – | ०३ | ५७ | २३ | ४४.२ | | १०० |

उपर्युक्त सारणी के आधार पर कहा जा सकता है कि हिन्दू धर्म की ८० प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अशिक्षा, बाल विवाह तथा संयुक्त परिवार व्यवस्था को समाज में महिलाओं की निम्न स्थिति के लिए उत्तरदायी माना है। इसके विपरीत ८४ प्रतिश मुस्लिम उत्तदाता ने अशिक्षा को इसका मुख्य कारण माना है।

**निष्कर्ष** : उपर्युक्त विभिन्न सारणियों के आधार पर प्राप्त किये गये निष्कर्ष इस प्रकार है–

१. समाज में महिलाओं को सामाजिक स्थिति के सन्दर्भ में दोनों धर्मो की अधिकांश उत्तरदाताओं ने महिलाओं की सामान्य स्थिति को स्वीकार किया है। किन्तु एक प्रवृत्ति अध्ययन में यह पायी गयी कि मुस्लिम समाज के एक बड़े वर्ग ने महिलाओं को निम्न स्थिति (४४ प्रतिशत) को स्वीकार किया है।

२. सामाजिक स्तर में विभिन्न क्रिया-कलापों के निर्वहून के सन्दर्भ में जहां एक ओर हिन्दू धर्म की अधिकांश उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि वे सामाजिक क्रिया-कलापों का निर्वहून का स्वयं करती हैं वहीं दूसरी ओर मुस्लिम धर्म की सर्वाधिक उत्तरदाताओं के परिवार को बुजुर्ग सदस्यों द्वारा ही इस प्रकार के सामाजिक क्रिया-कलापों का निवर्हून किया जाता है। अतः अध्ययन में यह स्पष्ट होता है की हिन्दू धर्म की महिलाएँ मुस्लिम धर्म की महिलाओं से सामाजिक स्तर पर अधिक स्वतंत्रता पूर्वक अपना जीवन निर्वहून करती हैं।

३. विभिन्न स्थानों में जाने की पूर्ण स्वतंत्रता के सन्दर्भ में हिन्दू धर्म की अधिकांश महिलाओं ने यह स्वीकार किया है कि उन्हें विभिन्न स्थानों में जाने की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है। अध्ययन में एक रोचक प्रवृत्ति यह परिलक्षित होती है कि मुस्लिम समाज के छोटे से वर्ग को ही इस प्रकार की स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि ३६.७ प्रतिशत उत्तरदाताओं को इस प्रकार की कोई स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है।

४. कर्त्तव्य तथा अधिकारों को विभाजन के सन्दर्भ में हिन्दू धर्म की अधिकांश उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है कि वे स्वयं अपने कर्त्तव्य तथा अधिकारों को विभाजन करती है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम धर्म कि सार्वाधिक उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया है कि कत्तव्यों तथा अधिकारों का विभाजन उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों द्वारा किया जाता है। अतः अध्ययन से स्पष्ट होता है कि हिन्दू महिलाएं मुस्लिम महिलाओं की अपेक्षा एक स्वतंत्र पारिवारिक सामाजिक स्थिति को प्राप्त करती हैं।

५. सामाजिक स्तर पर महिलाओं को पुरुषों से समान स्वतंत्रता प्राप्त होने के सन्दर्भ में हिन्दू तथा मुस्लिम दोनों ही धर्मो की अधिकांश महिलाओं को पुरुषों के समान ही स्वतंत्रता प्राप्त होना स्वीकार किया है।

६. महिलाओं की समाज में निम्न स्थिति के कारण के सन्दर्भ में हिन्दू धर्म की महिलाओं ने अशिक्षा, बाल 'वेवाह तथा संयुक्त परिवार व्यवस्था को समाज में महिलाओं की निम्न स्थिति का कारण माना है, दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने अशिक्षा को इसका प्रमुख कारण माना है।

## संदर्भ


१. छापड़िया, मनोज, 'स्त्री शिक्षा और सामाजिक गतिशीलता', सीरियल्स पब्लिकेशन, नई दिल्ली, २००८, पृ० ६३-३४
२. मजूमदार, रमेश चन्द्र, 'प्राचीन भारत', अनुवाद परमेश्वरी लाल गुप्त, मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली, १६३५, पृ० ३०
३. छापड़िया, मनोज, पूर्वोक्त, पृ० ८५
४. बोरा, आशा रानी, 'महिलाएं और स्वराज्य', सूचना व प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, १६८८ पृ० ६४
५. छापड़िया मनोज, पूर्वोक्त, पृ० १०८
६. आजमी अब्दुल मुस्तफा, 'जन्नती जेवर जियाउल कुरान', लाहौर, १६७६, पृ. ११६
७. छापड़िया, मनोज, पूर्वोक्त, पृ० ६५




Scanned with CamScanner

13

S N. 252

ISSN 0974-0074

# राधा कमल मुकर्जी : चिन्तन परम्परा

(National Refereed Journal of Social Sciences)

वर्ष 18 अंक 2

जुलाई–दिसम्बर, 2016

**समाज विज्ञान विकास संस्थान**

बरेली (उ.प्र.)

Scanned with CamScanner

Regd. No. UPHIN/1999/00955 | ISSN 0974-0074

# जनजातीय महिलाएँ और असंगठित क्षेत्र : कार्यगत परिस्थितियाँ

❑ सरस्वती जोशी
❖ डॉ० रेनू प्रकाश

महिलाएँ किसी भी समाज का एक महत्वपूर्ण अंग होती हैं तथा समाज के विकास की महिला अस्तित्व के बिना कल्पना भी नहीं की जाती है। २०वीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही महिला वर्ग में नई वैचारिक चेतना का विकास हुआ है जिसके परिणामस्वरूप श्रमिक वर्ग और असंगठित क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता तीव्र गति से बढ़ी। समकालीन भारत में नारी के स्थान और उसकी भूमिका के बारे में प्रचलित परम्परागत मान्यताएं धीरे-धीरे बदल रही हैं जिसके अब स्पष्ट संकेत मिलने लगे हैं। आधुनिक शिक्षा प्राप्ति के बढ़ते सुअवसर, बढ़ती भौगोलिक व व्यवसायिक गतिशीलता तथा नए आर्थिक ढांचे का उदय ही इस प्रवृत्ति के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है।[1] जनजातीय समाज भी इससे अछूता नहीं है। हालांकि जनजातीय समाज में प्राचीनकाल से ही महिलाएं अपने परिवार की आय को बढ़ाने में सहयोग करती आयी हैं किन्तु एक अच्छे जीवन स्तर के लिए महिलाएं असंगठित एवं संगठित क्षेत्रों में कार्य करने लगी हैं जिनमें मुख्य रूप से घरों एवं दुकानों में कार्य करना, कालीन बनाना, कताई, बुनाई, चुटका एवं थुलमा का निर्माण करना आदि कार्यों में भी जनजातीय महिलाओं की संख्या तीव्र गति से बढ़ी है।

महिलाएँ किसी भी समाज का एक महत्वपूर्ण अंग होती हैं तथा समाज के विकास की महिला अस्तित्व के बिना कल्पना भी नहीं की जाती है। २०वीं शताब्दी के प्रारम्भ से ही महिला वर्ग में नई वैचारिक चेतना का विकास हुआ है जिसके परिणामस्वरूप श्रमिक वर्ग और असंगठित क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता तीव्र गति से बढ़ी। जनजातीय समाज भी इससे अछूता नहीं है। हालांकि जनजातीय समाज में प्राचीनकाल से ही महिलाएं अपने परिवार की आय को बढ़ाने में सहयोग करती आयी हैं किन्तु एक अच्छे जीवन स्तर के लिए महिलाएं असंगठित एवं संगठित क्षेत्रों में कार्य करने लगी हैं जिनमें मुख्य रूप से घरों एवं दुकानों में कार्य करना, कालीन बनाना, कताई, बुनाई, चुटका एवं थुलमा का निर्माण करना आदि कार्यों में भी जनजातीय महिलाओं की संख्या तीव्र गति से बढ़ी है। प्रस्तुत अध्ययन असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत जनजातीय महिलाओं की कार्यरत परिस्थितियों को उजागर करने का एक प्रयास रहा है।

**असंगठित** क्षेत्र का तात्पर्य बिना किसी संगठन के अनियमित कार्यों एवं उद्योग-धन्धों से है। कहने का तात्पर्य यह है कि ऐसे कार्य संगठित न होकर असंगठित होते हैं। प्रायः असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने की कोई निश्चित सीमा नहीं होती है और परिश्रम का कोई निश्चित नियम नहीं होता। इस तरह के असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं का मुख्य उद्देश्य केवल धन कमाना होता है। गरीबी एवं निम्न जीवन यापन करने वाले अधिकांश परिवारों की महिलाएँ जिनके पति की आय कम है तथा दैनिक वेतनभोगी या दिहाड़ी मजदूरी पर कार्य करते हैं ऐसी महिलाएँ परिवार की आय को बढ़ाने के लिए उच्च या मध्य वर्गीय परिवारों में जाकर कार्य करना, कार्यरत महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल करना, कृषि कार्य करना, दुकान चलाना, कताई, बुनाई आदि कार्य भी करती हैं।

**असंगठित** क्षेत्र की अवधारणा घाना में कार्यरत ब्रिटिश मानव वैज्ञानिक कीथ हार्ट के अध्ययन से निकली है। इसके बाद १६७० के दशक में आई०एल०ओ० ने इस अवधारणा में सम्मानीय कार्य का अवयव समाहित किया और फिर काम के अधिकार, कार्य करने वालों के अधिकार, श्रम संगठनों के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा के अधिकार भी इस अवधारणा के साथ संलग्न होते गये। लेकिन कुछ विद्वानों ने स्पष्ट किया है कि "असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र की अवधारणा को सिर्फ आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित रखना ठीक नहीं है। सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर यह अवधारणा अपने निहितार्थ में अत्यन्त व्यापक है। इसका केवल आर्थिक विश्लेषण समाज के अंतर्गत व्याप्त अनौपचारिक वास्तविकता के एक महत्वपूर्ण दायरे की अनदेखी करता है।"[2]

**नेशनल** कमीशन ऑफ सेल्फ इम्प्लाइज वुमैन के अनुसार, भारत का असंगठित क्षेत्र महिलाओं का क्षेत्र है जिसमें रोजगार

❑ शोध अध्येत्री, समाजशास्त्र विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, एस०एस०जीना परिसर, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)
❖ असिस्टेन्ट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, एस०एस०जीना परिसर, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड)



Scanned with CamScanner

के अवसरों की कमी नहीं है। इस क्षेत्र में महिलाओं की अधिकता इसलिए भी है कि वे गरीब, अशिक्षित एवं अप्रशिक्षित हैं। अपने परिवार एवं बच्चों के पालन एवं परिवार के आर्थिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए ये आसानी से प्राप्त होने वाले कार्य को स्वीकार कर लेती हैं किन्तु उन्हें कार्य के दौरान आर्थिक, मनोवैज्ञानिक तथा अन्य कई प्रकार की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।[३]

मुख्यतः भोटिया जनजाति की महिलाओं को इन क्षेत्रों में कार्य करने के दौरान कई प्रकार के सकारात्मक एवं नकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं जिससे उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। अतः प्रस्तुत अध्ययन में इन महिलाओं की कार्यगत परिस्थितियों में सकारात्मक एवं नकारात्मक परिस्थितियों को देखने का प्रयास किया गया है।

असंगठित क्षेत्र अनौपचारिक भी है। हालांकि आंकड़ों और अधिकारिक दस्तावेजों में यह असंगठित ही है (असंगठित उद्यमों पर राष्ट्रीय आयोग, २००५-०६) लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि यह अर्थव्यवस्था कुसंगठित है। वास्तव में जिस रूप में यह संगठित है, उससे इसमें किसी भी भावी उत्पादन सुधार दशा के लिए बड़ी सम्भावना बन जाती है। असंगठित बाजार का नियमन सरकार द्वारा नहीं लेकिन समाज द्वारा जरूर होता है। हजारों चैम्बर ऑफ कामर्स, १० हजार से ज्यादा व्यावसायिक संघ आदि इन क्षेत्र-उद्यमों, विभिन्न कार्य क्षेत्रों में प्रवेश कार्यस्थल तक पहुँच आदि पर सामाजिक निगमिक नियंत्रण बनाये रखते हैं। वे अनौपचारिक तौर पर क्षमता व दक्षता प्रमाणित भी करते हैं, वे अनुबंध के विवाद सुलझा लेते हैं, मूल्य निर्धारण पर प्रभाव रखते हैं और परिणामी बाजारों में खासकर श्रम बाजार को वे अपने अनुसार संचालित करते हैं।[४]

निर्मला बनर्जी द्वारा कलकत्ता नगर की महिला कर्मचारियों पर किये गये अध्ययन से यह विदित होता है कि महिलाओं के परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति तथा पूर्वी बंगाल की महिलाओं का आगमन असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की सोचनीय दशा का प्रमुख कारण है। असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की व्यवसायिक स्थिति ने यद्यपि उनके परिवार एवं सामाजिक जीवन में कुछ परिवर्तन उत्पन्न किये हैं तथापि यह परिवर्तन अत्यन्त सीमित हैं। परिवार में उन्हें अपने जीविकोपार्जन की स्थिति के कारण कोई विशेष आर्थिक शक्ति प्राप्त नहीं हुई है।[५]

जैसा कि सर्वविदित है परिवर्तन प्रकृति का नियम है और इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों परिणाम हो सकते हैं। यद्यपि महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता एवं कुशलता के आधार पर कन्धे से कन्धा मिलाकर कार्य कर रही हैं किन्तु उन्हें कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। उनकी कार्यगत परिस्थितियां उनके भूमिका संघर्ष एवं शोषण को बढ़ावा देती हैं। असंगठित क्षेत्र का अपना कोई संगठन न होने के कारण एक असुरक्षित वातावरण को जन्म देता है। अतः प्रस्तुत अध्ययन में भोटिया जनजातीय महिलाओं की इन्हीं कार्यगत परिस्थितियों से उत्पन्न समस्याओं को शोध बिन्दुओं के रूप रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

